Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक


# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 322 | मंगलवार, 25 नवंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

# ८९ की उम्र में धर्मेंद्र का निधन



अलविदा 'हिमैन'

**मुंबई।** अक्षय कुमार, अजय देवगन और करण जौहर समेत कई मशहूर फिल्मी हस्तियों ने सोमवार को धर्मेंद्र को श्रद्धांजलि दी और उन्हें भारतीय सिनेमा का एक सच्चा दिग्गज, पीढ़ियों के लिए प्रेरणा और असली ही-मैन कहकर याद किया।सत्यकाम से लेकर शोले तक 300 से ज्यादा फिल्मों में काम करके मनोरंजन जगत में एक अलग मुकाम हासिल करने वाले दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र का सोमवार को निधन हो गया। वह 89 वर्ष के थे। मुंबई में पुलिस ने धर्मेंद्र के निधन की जानकारी दी। उनके परिवार की ओर से अभी तक इसकी पुष्टि नहीं की गयी है। अक्षय ने दिग्गज अभिनेता की एक तस्वीर साझा करते हुए कहा कि धर्मेंद्र अपनी फिल्मों के जरिए हमेशा जीवित रहेंगे। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, धर्मेंद्र जी ऐसे हीरो थे जो हर युवा लड़का बनना चाहता था... हमारे फिल्म जगत के असली ही-मैन, पीढ़ियों को प्रेरित करने के लिए शुक्रिया। आप अपनी फिल्मों और अपने प्यार के जरिए जीवित रहेंगे। ओम शांति। बॉलीवुड अभिनेता अजय ने धर्मेंद्र को उनकी गर्मजोशी और उदारता के लिए याद किया। अजय ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, उद्योग ने एक दिग्गज खो दिया है... और हमने एक ऐसे व्यक्ति को खो दिया है जिसने हमारे सिनेमा की आत्मा को आकार दिया है। धर्म जी, आपकी आत्मा को शांति मिले, ओम शांति। धर्मेंद्र के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए फिल्मकार करण करण ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट में कहा, यह एक युग का अंत है... मुख्यधारा के सिनेमा में एक नायक का अवतार... वह भारतीय सिनेमा के एक सच्चे दिग्गज थे, हैं और हमेशा रहेंगे...लेकिन सबसे बढ़कर, वह एक बेहतरीन इंसान थे... उन्हें हमारे फिल्म



जगत में सभी बहुत प्यार करते थे। अभिनेता अल्लू अर्जुन ने इंस्टाग्राम पर दिवंगत अभिनेता की एक तस्वीर साझा की और लिखा, दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र जी के निधन की खबर सुनकर गहरा दुख हुआ।एक शानदार अभिनेता जिन्होंने लाखों दिलों को छुआ। परिवार, दोस्तों और प्रशंसकों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना।अभिनेत्री करीना कपूर और माधुरी दीक्षित ने धर्मेंद्र के निधन पर दुख व्यक्त किया और कहा कि यह फिल्म जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। आमिर खान के प्रॉडक्शन हाउस ने एक बयान में कहा, आप हमेशा हमारे दिलों में रहेंगे। धरम जी, आपकी आत्मा को शांति मिले। फरहान अख्तर ने धर्मेंद्र के निधन पर दुख जताते हुए कहा कि वह हमेशा प्रशंसकों के दिलों में जीवित रहेंगे। अभिनेता मनोज वाजपेयी ने कहा, धर्मेंद्र मेरे माता-पिता के पसंदीदा और मेरे बचपन के नायकों में से एक थे।सुनील शेट्टी, रणवीर सिंह, वरुण धवन, काजोल, रवीना टंडन, रश्मिका मंधाना, भूमि पेडनेकर और राजपाल यादव ने भी धर्मेंद्र के निधन पर शोक व्यक्त किया।

# राम मंदिर में ध्वजारोहण

## सनातन के शिखर पर आज पीएम मोदी लहराएंगे भगवा ध्वज

**अयोध्या।**

रामनगरी मंगलवार को ऐतिहासिक क्षण की साक्षी बनने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राम मंदिर के शिखर पर भगवा ध्वज फहराएंगे। ध्वजारोहण का यह महापर्व परंपरा, आस्था और राष्ट्रभावना का अनोखा संगम बनेगा। ध्वजारोहण का शुभ मुहूर्त 11:58 से दोपहर 12:30 बजे तक है। 32 मिनट का यह शुभ योग भगवान श्रीराम के जन्म नक्षत्र अभिजीत मुहूर्त से मेल खाता है। ध्वजारोहण समारोह के लिए 21 नवंबर से चल रहे अनुष्ठानों की भी पूणार्हुति मंगलवार को होगी।

सुबह छह से 10 बजे तक अनुष्ठान होंगे।प्रधानमंत्री राम दरबार व गर्भगृह में रामलला के दर्शन कर पूजन करेंगे। यहां से वह सप्तऋषि मंदिर और फिर माता अन्नपूर्णा मंदिर में प्रार्थना कर मुख्य समारोह में भाग लेंगे। चार से पांच मिनट के संक्षिप्त ध्वजारोहण अनुष्ठान में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच प्रधानमंत्री बटन दबाकर ध्वज फहराएंगे।सात हजार अतिथि समारोह के साक्षी बनेंगे, जिनमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, , धर्मगुरु, व्यापार जगत के प्रमुख नाम, दलित, वंचित, किन्नर और अघोरी समुदाय के प्रतिनिधि शामिल हैं। ध्वजारोहण की इस ऐतिहासिक अवसर पर, श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट एक भव्य मंगल-स्वस्ति गान प्रस्तुत कर रहा है। यह एक दिव्य संगीतमय अर्पण है।




### राम मंदिर के ध्वज दंड पर मढ़ा 21 किलो सोना

ध्वजारोहण समारोह के लिए राम मंदिर को सजाने का काम तेजी से चल रहा है। राम मंदिर के 161 फीट ऊंचे दंड पर सोना मढ़ा गया है। करीब 21 किग्रा सोना, इस दंड पर लग रहा है। इस काम को मुंबई से आए कारीगरों ने पूरा किया है। बता दें कि पांच अगस्त, 2020 को जिस भूमि तल पर पीएम नरेंद्र मोदी ने भूमि पूजन किया था, शिखर के नाभि दंड का निर्माण उसी स्थल पर किया गया है। यह भूमि पूजन भूमि की सतह से करीब 50 फीट नीचे किया गया था। वर्तमान में इसकी ऊंचाई शिखर तक है।

## कलियुग में त्रेता का आभास कराएगा राम मंदिर पर लहराता कोविदार ध्वज

**अयोध्या।**



अयोध्या का राज ध्वज और उस पर अंकित कोविदार वृक्ष सनातन संस्कृति की अमूल्य निधि रही है। इसका उल्लेख वाल्मीकि रामायण के अयोध्या कांड में है। इसके अनुसार चित्रकूट में वनवास के दौरान भगवान राम ने लक्ष्मण को ध्वजों से विभूषित अश्व और रथों से आती हुई सेना की सूचना दी और इसके बारे में पता लगाने को कहा। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर मंगलवार को फहराया जाने वाला कोविदार ध्वज कलियुग में भी त्रेता का आभास कराएगा।

यह ध्वज प्राचीन काल से अयोध्या की पहचान रहा है, जिसका उल्लेख वाल्मीकि रामायण में मिलता है। मंदिर ट्रस्ट ने इस ध्वज को चुनकर अयोध्या का गौरव बढ़ाया है। अयोध्या का राज ध्वज और उस पर अंकित कोविदार वृक्ष सनातन संस्कृति की अमूल्य निधि रही है। इसका उल्लेख वाल्मीकि रामायण के अयोध्या कांड में है। इसके अनुसार चित्रकूट में वनवास के दौरान भगवान राम ने लक्ष्मण को ध्वजों से विभूषित अश्व और रथों से आती हुई सेना की सूचना दी और इसके बारे में पता लगाने को कहा। इसे देखकर लक्ष्मण ने कहा कि 'यथा तु खलु दुर्भद्धिर्भरतः स्वयमागतः। स एष हि महा कायः कोविदार ध्वजो रथे।' अर्थात 'निश्चय ही दुष्ट दुर्बुद्धि भरत स्वयं सेना लेकर आया है। यह कोविदार युक्त विशाल ध्वज उसी के रथ पर फहरा रहा है।' इसी प्रसंग से जाहिर है कि कोविदार वृक्ष युक्त ध्वज अयोध्या की पहचान और प्राचीन धरोहर रही है। हालांकि, भारतीय मानस पटल से रघुकुल का यह राज ध्वज बिसरा दिया गया था।

## चीन की यात्रा करेंगे डोनल्ड ट्रंप



**नई दिल्ली।**

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उन्होंने चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग का अप्रैल में बीजिंग आने का निमंत्रण स्वीकार कर लिया है और इसके बदले में उन्होंने चिनफिंग को अगले साल के अंत में अमेरिका की राजकीय यात्रा के लिए आमंत्रित किया है। ट्रंप ने यह घोषणा सोमवार सुबह शी चिनफिंग से फोन पर बात करने के कुछ घंटों बाद की। उन्होंने बताया कि दोनों नेताओं ने यूक्रेन, फेंटेनाइल और सोयाबीन जैसे मुद्दों पर चर्चा की। यह फोन दक्षिण कोरियाई शहर बुसान में दोनों नेताओं की आमने-सामने की मुलाकात के लगभग एक महीने बाद हुई।

## भारत के साथ द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाने को इच्छुक अफगानिस्तान

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के वाणिज्यिक अताशे के एक महीने के भीतर भारत आने की उम्मीद है। इसके वाणिज्य और उद्योग मंत्री अल्हाज नूरुद्दीन अजीजी ने सोमवार को यह जानकारी दी। साथ ही जोर देकर कहा कि काबुल द्विपक्षीय व्यापार को एक अरब डालर से काफी अधिक बढ़ाना चाहता है। उन्होंने कहा कि जब निजी निवेश की बात आती है तो दोनों पक्षों की ओर से मजबूत इच्छाशक्ति होती है।

## कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद, हिंदू पक्ष की याचिका पर एक दिसंबर को सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।**


सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह एक दिसंबर को मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद में एक अन्य हिंदू पक्ष की याचिका पर सुनवाई करेगा जिसमें एक अन्य पार्टी को सभी भक्तों का प्रतिनिधि माने जाने के इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती दी गई है। जस्टिस संजय कुमार और आलोक अराधे की पीठ ने सोमवार को कहा कि यह मुद्दा विस्तृत सुनवाई की आवश्यकता रखता है, उल्लेखनीय है कि जुलाई में मथुरा में विवादित स्थल से शाही ईदगाह मस्जिद को हटाने के लिए एक अलग मुकदमा दायर करने वाली एक अन्य हिंदू पार्टी को इलाहाबाद हाई कोर्ट ने सभी भक्तों का प्रतिनिधि मानने की अनुमति दी थी।



## उत्तर भारत में बढ़ने लगी सर्दी, कश्मीर में माइनस 5 डिग्री पहुंचा तापमान

**नई दिल्ली।**

उत्तर भारत में अब सर्दी बढ़ने लगी है। कश्मीर में माइनस 5 डिग्री तक तापमान पहुंच गया है। पंजाब में भी कुछ जगहों पर पारा पांच डिग्री सेल्सियस से नीचे गोता लगा रहा है। बारिश के बाद उत्तर भारत अब सर्दी की चपेट में आते जा रहा है। कश्मीर घाटी में कई जगहों पर न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे पहुंच गया है। पंजाब में भी कुछ जगहों पर पारा पांच डिग्री सेल्सियस से नीचे गोता लगा रहा है। वहीं, बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव क्षेत्र के कारण तमिलनाडु समेत दक्षिण भारत के तीन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश में बारिश का प्रकोप बना हुआ है। कुछ तटीय जिलों में तेज बारिश को लेकर ऑरेंज और कुछ में यलो अलर्ट जारी किया गया है। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में रविवार की रात इस सीजन की सबसे सर्द रात रही और पारा शून्य से 3.2 डिग्री नीचे दर्ज किया गया।



## डाकपत्थर, कुंजा, कुल्हाल और ढकरानी में प्रशासन ने चलाया बुलडोजर

**विकासनगर।** लगातार दूसरे दिन सोमवार को डाकपत्थर, कुंजा, कुल्हाल व ढकरानी में अवैध निर्माण पर प्रशासन का बुलडोजर चला। इस बीच 46 अवैध निर्माण ध्वस्त कर दिए गए। शक्तिनहर किनारे के जल विद्युत निगम की भूमि पर पूर्व में कुल 111 अवैध निर्माण चिह्नित किए गए थे। इससे पूर्व रविवार को प्रशासन की कार्रवाई के तहत 65 अवैध निर्माण ध्वस्त किए गए थे। अधिकारियों ने संबंधित लोगों को दोबारा निर्माण करने पर सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी दी। बता दें कि ढालीपुर, कुंजा, ढकरानी, हरिपुर, कुल्हाल व डाकपत्थर में शक्तिनहर किनारे के जल विद्युत निगम की भूमि पर बड़े पैमाने पर अवैध निर्माण किए गए थे।

## संपादक की कलम से

# विनय की डोर, संघर्ष चारों ओर

अंतत: हिमाचल प्रदेश कांग्रेस ने श्री रेणुकाजी के विधायक विनय कुमार के सिर पर अपना ताज रख दिया। इससे नए संतुलन की पैरवी में जहां पार्टी की शिराओं में जोश भरने की कवायद शुरू होगी, वहीं सरकार के पदों की फरमाइश भी बढ़ेगी। शीतकालीन सत्र की तासीर में विधानसभा के नए उपाध्यक्ष और रिक्तियों के बाजार में सरकार की जेब से एक अदद मंत्री पद की पर्ची टटोली जाएगी।



ललित शर्मा
संपादक

जाहिर तौर पर पार्टी ने क्षेत्रीय संतुलन के बजाय जातीय समीकरण देखते हुए अनुसूचित जाति से संबंधित अध्यक्ष बनाया है। सत्ता से अगले चुनाव तक का यह एक बड़ा दांव है, जिसे शिमला संसदीय क्षेत्र से ही खेला जा रहा है। रोचक तथ्य यह भी कि भाजपा को भी अपना अध्यक्ष शिमला संसदीय क्षेत्र से ही मिला है, लेकिन डा. राजीव बिंदल ने पार्टी के तमाम मोर्चों, विपक्ष की सारी शक्ति और आगामी चुनाव के लिए सारी रणनीति के कई द्वार मजबूत किए हैं। ऐसे में विनय कुमार के सामने भाजपा के दुर्ग में जो अध्यक्ष बैठा है, उसकी सक्रियता से आगे बढे की जरूरत है। बतौर पार्टी कांग्रेस ने अभी तक ऐसा कोई संकेत नहीं दिया है कि वह आगामी चुनाव के मुकाबले में कटिबद्ध है या नई सोच से आगे बढ़ रही है। जो नेता सत्ता की कुर्सियों में आबाद हो गए, उनके साथ पार्टी का कदमताल अभी शुरू नहीं हुआ, अत: बड़ा कार्य तो यह कि विनय कुमार सत्ता में छाए नेताओं को पार्टी का कार्यकर्ता बनाएं। पार्टी की ओर से प्रेरणा और सरकार की ओर से प्रेरणा स्रोत अगर किसी संगम पर पहुंचेंगे, तो तय होगा कि वास्तविक राजनीतिक शक्ति है क्या। बेशक सत्तारूढ़ होने की एक शक्ति कांग्रेस के पास है, लेकिन यह आम कार्यकर्ता से सीधे संबोधित नहीं है। भाजपा विपक्ष में रहते हुए केंद्र की मोदी सरकार को हिमाचल में ढो रही है। कार्यक्रमों की श्रृंखला में पार्टी अचंभित करती है, तो सरकार के खिलाफ संघर्ष से विधानसभा तक इसके कारवां का जिक्र हो जाता है। बेशक कांग्रेस अध्यक्ष की ताजपोशी में जरूरत से ज्यादा समय लगा, लेकिन अब प्रदर्शन करने की जरूरत में विनय कुमार का राजनीतिक जीवन एक नए मचान और उफान पर आ सकता है। आगामी विधानसभा चुनाव से पूर्व स्थानीय निकायों के चुनाव, पार्टी की पहुंच को हर गांव से शहर तक पहुंचाने के लिए, एक नया इतिहास लिखने जैसा होगा। पार्टी में नई चमक लाने के लिए समय कम, लेकिन अवसर ज्यादा बनाने होंगे। शीतकालीन सत्र के भीतर बेशक सत्ता और विपक्ष के बीच मुद्दों की मुलाकातें और राजनीतिक कहावतें होंगी, लेकिन तपोवन के बाहर जो तपेगा उसके सामने कांग्रेस के पास एक अवसर रहेगा। कर्मचारियों के कई आंदोलन अगर सत्ता के सामने खड़े हो रहे हैं, तो कांग्रेस की कर्मचारी एकता का प्रकोष्ठ है कहां। बुद्धिजीवी अगर भाजपा की नीतियों का गुणगान करते हैं, तो कांग्रेस का बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ दिखाई नहीं देता। दिखाई तो अब छात्र संगठन, महिला संगठन व वर्षों से सक्रिय रहे कांग्रेस के कार्यकर्ता भी नहीं देते। हिमाचल में केंद्रीय नेताओं की दौड़ शिमला की सत्ता में मशरूफ रहती है या प्रदेश की आबोहवा का लुत्फ उठा कर लौट जाते हैं। शिमला तक प्रियंका-राहुल का आवागमन, चंबा, कांगड़ा, ऊना, हमीरपुर या मंडी को अछूत बना देता है। ऐसे में सरकार के तीन साला समारोह में क्या पार्टी के वजूद की नुमाइश होगी। क्या सरकार के जूते में पार्टी के कदम चलेंगे या राजनीतिक मुद्दों में कांग्रेस अपना स्थान खुद निर्धारित करेगी।

## उदय किशोर साह



### प्रेम उपहार

### कविता

नफरत को ना बनाओ तुम हथियार
जीना हो जायेगा तेरा भी। दुश्वार
जीयो और जीने दो हमें भी यार
प्रेम की दो जन जन को तुँ उपहार

ये जग ना तेरा है ना कभी मेरा है
उपर वाला का दिया ये नई सवेरा है
मोहब्बत की किरणों का करो सत्कार
प्रेम की दो जन जन को तुँ उपहार

ये धरती नदियाँ ये पर्वत व पहाड़
हम सब के लिये बना है ये जग संसार
खिलने दो फिजां में हँसीन बहार
प्रेम की दो। जन जन को तुँ उपहार

ये ज्ञान विज्ञान ये सभ्यता का संस्कार
हर कोई को करना सुबह का नमस्कार
गरीबी का ना करना कभी तुँ दुर्व्यवहार
प्रेम की दो। जन जन को तुँ उपहार

पढ़ना वेद पुरान गीता लेकर तुँ उधार
बदल डालो तुम अपना ओछा व्यवहार
जग वाले देगें मान सम्मान हर बार
प्रेम की दो जन जन को तुँ उपहार

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# जी-20 शिखर सम्मेलन में नरेंद्र मोदी के सुझावों की रोशनी



ललित गर्ग



जी-20 शिखर सम्मेलन का उद्घाटन सत्र इस बार जिस गंभीर मुद्दे पर केन्द्रित रहा, वह दुनिया के सामने उभरते खतरों की बदलती प्रकृति को स्पष्ट करता है। भारतीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने आतंकवाद के साथ-साथ ड्रग तस्करी को भी वैश्विक शांति, सुरक्षा और मानव अस्तित्व के लिए उतना ही घातक बताया जितना किसी संगठित हिंसा को माना जाता है। उनकी यह चेतावनी केवल कूटनीतिक वक्तव्य नहीं बल्कि बढ़ती वैश्विक वास्तविकताओं का सटीक विश्लेषण है। यह तथ्य अब निर्विवाद है कि मादक पदार्थों की तस्करी आतंकवाद को ईंधन प्रदान करने वाला सबसे बड़ा स्त्रोत बन चुकी है। अरबों डॉलर का यह अवैध व्यापार केवल अपराध जगत को नहीं बल्कि राष्ट्रों की सुरक्षा, समाज की स्थिरता और युवाओं के भविष्य को भी चूर-चूर कर रहा है। मोदी ने अपने संबोधन में साफ कहा कि दुनिया के बड़े राष्ट्रों को ड्रग-माफिया और उसके आतंकवाद से जुड़े वित्तीय नेटवर्क के खिलाफ एकजुट होकर निर्णायक लड़ाई लड़नी होगी। दुनिया आज जिस गति से नए-नए मादक पदार्थों के जाल में फंसती जा रही है, वह वैश्विक चिंता और भी बढ़ाता है। फेंटानाइल जैसे अत्यंत खतरनाक सिंथेटिक ड्रग्स ने अमेरिका में स्वास्थ्य-संकट की भयावह स्थिति पैदा कर दी है, जहां प्रतिदिन अनेक लोग इसके कारण जान गंवा रहे हैं। यह संकट किसी एक देश की समस्या नहीं, बल्कि मानव जीवन पर मंडरा रहा एक वैश्विक खतरा है। यह मानना भूल होगी कि ऐसे ड्रग्स केवल एक महाद्वीप तक सीमित रह सकते हैं; संगठित तस्करी के नेटवर्क इसकी पहुंच दुनिया के किसी भी कोने तक ले जा सकते हैं। यही कारण है कि मोदी ने चेताया कि यदि अभी निर्णायक कार्रवाई नहीं हुई, तो यह त्रासदी अन्य देशों में भी फैल सकती है।

ड्रग्स माफिया केवल एक आपराधिक व्यापार नहीं, बल्कि मानव समाज की जड़ों को खोखला करने वाला वैश्विक संकट है। नशे का कारोबार सीमाओं, कानूनों और नैतिक मूल्यों-तीनों को धत्ता बताकर फैल रहा है। यह न केवल युवाओं के भविष्य को निगल रहा है, बल्कि देशों की आंतरिक सुरक्षा, सामाजिक स्थिरता और आर्थिक व्यवस्था को भी कमजोर कर रहा है। इसलिए ड्रग्स माफिया का खतरा अब केवल कानून-व्यवस्था का विषय नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के अस्तित्व का प्रश्न बन गया है। दुनिया भर में नशे का अवैध व्यापार एक विशाल संगठित नेटवर्क के रूप में विकसित हो चुका है, जिसमें माफिया, कार्टेल, हथियार गिरोह, आतंकवादी संगठन और भ्रष्ट तंत्र की गहरी सांठगांठ शामिल है। यह नेटवर्क इतना शक्तिशाली है कि कई देशों में यह समानान्तर सत्ता जैसा व्यवहार करता है। अफगानिस्तान, मैक्सिको, कोलंबिया, म्यांमार, नाइजीरिया, रूस और यूरोप तथा एशिया के अनेक हिस्सों में ड्रग्स कार्टेलों ने शासन प्रणालियों को चुनौती दी है। अनेक जगह तो स्थितियां ऐसी बन जाती हैं कि सरकारें या तो इस लड़ाई में कमजोर पड़ जाती हैं या फिर समझौते करने को मजबूर हो जाती हैं। मोदी ने इस पर नियंत्रण के लिये दुनिया को एकजुट होने की आवश्यकता व्यक्त की।

जी-20 देशों की यह जिम्मेदारी बनती है कि वे ड्रग्स के अवैध उत्पादन, वितरण, ऑनलाइन डार्क-नेट व्यापार, क्रिप्टोकरेंसी के माध्यम से होने वाले भुगतान और सीमा-पार तस्करी पर न केवल नियंत्रण करें बल्कि इसके खिलाफ साझा रणनीति भी अपनाएं। मोदी ने इस दिशा में कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिए-प्रत्येक देश में अवैध वित्तीय गतिविधियों पर कड़ा नियंत्रण, एआई के दुरुपयोग को रोकने के लिए सामूहिक प्रयास, डेटा साझाकरण को बढ़ावा, तकनीकी सहयोग को सुदृढ़ करना तथा डिजिटल और साइबर अपराधों के विरुद्ध नई वैश्विक नीति बनाना। एआई का दुरुपयोग आज केवल गलत सूचना फैलाने या साइबर अपराध तक सीमित नहीं रहा; उसके माध्यम से ड्रग्स की ऑनलाइन बिक्री, नकली पहचान, एन्क्रिप्टेड चैनल और तस्करों के गुप्त नेटवर्क को चलाने में भी व्यापक उपयोग होने लगा है। इस पर रोक अब सामूहिक प्रयासों के बिना संभव नहीं।

इस वर्ष का जी-20 शिखर सम्मेलन अमेरिका की अनुपस्थिति के बावजूद काफी सफल माना गया। यह सफलता केवल उपस्थिति की संख्या में नहीं बल्कि चचाओं की गुणवत्ता, मुद्दों की गंभीरता और लिए गए निर्णयों के ठोस स्वरूप में दिखाई दी। बड़े देशों का एक-दूसरे से समन्वय और वैश्विक चुनौतियों को लेकर स्पष्टता इस सम्मेलन की बड़ी उपलब्धि रही। दुनिया का बदलता भू-राजनीतिक वातावरण, यूक्रेन और मध्य-पूर्व जैसे संघर्ष, आर्थिक अनिश्चितताएं और ग्लोबल साउथ की महत्वाकांक्षाएं-इन सबके बीच भी यह सम्मेलन शांत, रचनात्मक और समाधान-उन्मुख रहा। यह संकेत है कि दुनिया के राष्ट्र अब प्रतिस्पर्धा से ज्यादा सहयोग को प्राथमिकता देने लगे हैं। ड्रग-तस्करी और आतंकवाद जैसे मुद्दे किसी भी देश की सीमाओं में बंधे नहीं रह सकते; इसलिए उनका समाधान भी सीमाओं के पार सहयोग से ही संभव है।

मोदी के सुझावों का विशेष महत्व इसलिए भी है क्योंकि भारत लंबे समय से सीमा-पार आतंकवाद का शिकार रहा है और दक्षिण एशिया में ड्रग-तस्करी का एक बड़ा ट्रांजिट-पॉइंट भी बनता रहा है। भारत ने तकनीक, कानून और कूटनीति-तीनों स्तरों पर इस खतरे से मुकाबला करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, जिनसे दुनिया सीख सकती है। भारत का अनुभव बताता है कि ड्रग-नेटवर्क को समाप्त करने के लिए तीन मोर्चों पर काम करना अत्यंत आवश्यक है-कड़ी सीमा निगरानी, सोशल-मीडिया एवं एआई आधारित निगरानी तंत्र को मजबूत करना, और युवाओं में नशामुक्ति एवं जागरूकता को बढ़ाना। केवल कानून पर्याप्त नहीं; सामाजिक-मानसिक जागरूकता भी उतनी ही जरूरी है।

जी-20 सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सक्रिय, प्रभावशाली और केंद्रीय उपस्थिति ने एक बार फिर सिद्ध किया कि वे आज वैश्विक परिदृश्य के सबसे सशक्त, निर्णायक और भरोसेमंद नेताओं में अग्रणी हैं। अमेरिका की अनुपस्थिति के बावजूद विश्व मंच पर नेतृत्व का जो शून्य बन सकता था, उसे मोदी ने अपने संयमित, दूरदर्शी और कूटनीतिक करिश्मे से भर दिया। ड्रग-तस्करी, आतंकवाद, एआई के दुरुपयोग, वैश्विक अर्थव्यवस्था, ग्लोबल साउथ और मानव-कल्याण जैसे विविध मुद्दों पर उनकी स्पष्ट दृष्टि और व्यावहारिक समाधान ने दुनिया को यह विश्वास दिलाया कि भारत न केवल उभरती शक्ति है बल्कि स्थिर और सकारात्मक दिशा दिखाने वाला पथ-प्रदर्शक भी है। उनकी उपस्थिति ने यह भी रेखांकित किया कि बदलती वैश्विक राजनीति में जहां कई राष्ट्र आंतरिक संघर्षों और नीतिगत अनिश्चितताओं से जूझ रहे हैं, वहीं भारत एक विश्वसनीय, स्थिर और दूरदर्शी नेतृत्व प्रस्तुत कर रहा है। मोदी का यह उभार केवल भारत की प्रतिष्ठा को ऊंचा नहीं उठाता बल्कि दुनिया को एक ऐसे नेतृत्व का विकल्प देता है जो विकास, शांति, सुरक्षा और वैश्विक सहयोग के नए मॉडल को आगे बढ़ा सकता है और यही आज की दुनिया के लिए सबसे बड़ी आवश्यकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की ह्लएकात्म मानववादह्व के दर्शनशास्त्र को वैश्विक विकास के भविष्य में महत्वपूर्ण बताते हुए दुनिया से इसे अपनाने की अपील की। मोदी ने पारंपरिक ज्ञान, स्वास्थ्य क्षेत्र, क्रिटिकल मिनरल्स, सैटेलाइट डेटा एक्सेस, अफ्रीका में क्षमता निर्माण और ड्रग-टेरर नेटवर्क के खिलाफ संयुक्त कार्रवाई जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने का प्रस्ताव रखा। उनका कहना था कि इससे दीर्घकालिक शांति, मजबूती और सतत विकास सुनिश्चित होगा। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के अध्यक्षता की प्रशंसा की, जिसने कौशल आधारित प्रवासन, पर्यटन, खाद्य सुरक्षा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल अर्थव्यवस्था, नवाचार और महिलाओं के सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति की है। उन्होंने यह भी बताया कि नई दिल्ली जी-20 शिखर सम्मेलन में लिए गए कई ऐतिहासिक निर्णयों पर आगे कार्य हो रहा है। जी-20 शिखर सम्मेलन का संकेत स्पष्ट है: दुनिया अब नए खतरे पहचान रही है और उन पर सामूहिक कार्रवाई के लिए तैयार भी हो रही है। आतंकवाद और ड्रग-तस्करी के गहरे रिश्ते को तोड़ना वैश्विक शांति के लिए अनिवार्य है। यदि आर्थिक, स्वास्थ्य और सुरक्षा की दृष्टि से सुरक्षित समाज बनाना है, तो ड्रग-पर नियंत्रण करना ही होगा।

दुनिया की बढ़ती असुरक्षा का मुकाबला केवल हथियारों से नहीं, बल्कि जागरूकता, संयम, शिक्षा और संवेदनशीलता से होगा। जब तक हम नशे के इस वैश्विक खतरे को एक सामूहिक लड़ाई न मानें, तब तक सुरक्षा केवल एक भ्रम बनी रहेगी। समाज को नशे के खिलाफ खड़ा करना आज समय की बड़ी मांग है-क्योंकि यह केवल एक अपराध के खिलाफ संघर्ष नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य देने का संकल्प है।

# उत्तराखंड में बर्फबारी का लुत्फ उठाने के लिए टॉप 6 डेस्टिनेशन, विंटर ट्रिप की बनेगी यादगार



सर्दियों में उत्तराखंड का सफर बर्फबारी का अद्भुत अनुभव कराता है, जहां औली, मुनस्यारी, चोपता, धनोल्टी, मसूरी और हर्षिल जैसे स्थान अपनी प्राकृतिक सुंदरता और बर्फ से ढके परिदृश्यों से पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देते हैं। ये स्थान स्कीइंग, ट्रेकिंग और शांत बर्फीले नजारों का आनंद लेने के लिए आदर्श हैं, जो इसे एक जादुई अनुभव बनाते हैं। यदि आप सोने से पहले इसका एक चम्मच पिएंगे तो एक सप्ताह में आपका 7 किलो वजन कम हो जाएगा।

नेत्र रोग विशेषज्ञ हैरान हैं! यह 5 दिनों में दृष्टि में 100% तक ठीक कर देता है: बिस्तर से पहले डाल सर्दियों में पहाड़ घूमने का एक अलग ही अनुभव होता है। सर्दियों के दौरान बर्फबारी का आनंद लेना या फिर ठंडी-ठंडी हवाओं में खो जाना किसी स्वर्ग से कम नहीं है। सर्दियों के दौरान उत्तराखंड जादुई सफेद राज्य बन जाता है। यहां पर पहाड़, जंगल और घाटियां बर्फ की मोटी चादर में ढक जाते हैं। हर साल दिसंबर से लेकर मार्च तक देशभर से लाखों लोग बर्फबारी देखने के लिए जरुर जाते हैं। अगर आप विंटर ट्रिप का प्लान बना रहे हैं, तो उत्तराखंड के इन जगहों पर घूमने जरुर जाएं। यहां आपको एक अलग ही आनंद महसूस होगा।

**औली:** स्कीइंग के लिए सबसे लोकप्रिय जगह है औली है। यहां पर दिसंबर से मार्च तक भारी बर्फबारी देखने को मिलती है। इसके अलावा, एशिया की सबसे लंबी रोपवे राइड का अनुभव, नंदा देवी और हिमालयी चोटियों का अद्भुत अनुभव प्रदान करता है।

**मुनस्यारी:** मुनस्यारी को 'लिटिल कश्मीर' के नाम से प्रसिद्ध है। जनवरी से लेकर फरवरी तक यहां पर स्नोफॉल देखने को मिलती है। पंचाचूली पीक्स के शानदार नजारे देखने को मिलते हैं। यहां प्राकृतिक सुंदरता में आप खुद ही मंत्रमुग्ध हो जाएंगे।

**चोपता:** विंटर ट्रिप के लिए चोपता भी एक शानदार जगह है। यहां पर आप ट्रेकिंग कर सकते हैं, तुंगनाथ और चंद्रशिला ट्रेक बेहद ही शानदार है। जंगलों पर जमी बर्फ में आनंद लेने का एक अलग ही मजा आता है। इस दौरान फोटोग्राफी का एक अलग ही मजा आता है।

**धनोल्टी:** मसूरी के एकदम पास में ही धनोल्टी। यहां पर आपको एक शांत और कम भीड़-भाड़ देखने को मिलेगी। यहां पर स्नों स्पॉट पर भीड़ कम ही होती है। दिसंबर के अंत में अक्सर यहां पर फ्रेश स्नोफॉल देखने को मिलती है।

**मसूरी:** क्वीन ऑफ हिल्स के नाम से मशहूर मसूरी सर्दियों के दौरान बेहद ही सुंदर नजर आता है। दिसंबर से लेकर जनवरी तक यहां पर बर्फबारी देखने को मिलती है। यहां पर लाल टिब्बा और गन हिल से बेहतरीन स्नो-व्यू देखने को मिलता है।

**हर्षिल :** गंगोत्री घाटी का शांत और स्वच्छ बर्फीला गांल है। यहां पर नवंबर से लेकर फरवरी तक लगातार बर्फबारी देखने को मिलती है। बर्फ से ढके देवदार के जंगल इसकी सुंदरता में चार-चांद लगा देते हैं।

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत बीएलओ एवं सुपरवाइजर का प्रशिक्षण सम्पन्न

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**




**रामपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अजय द्विवेदी की अध्यक्षता में बरेली रोड स्थित भारत गार्डन में भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) के अंतर्गत जिले में मतदाता सूची अद्यतन प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) एवं सुपरवाइजर को प्रशिक्षण दिया गया।

जिलाधिकारी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में गणना प्रपत्र भरने की प्रक्रिया, मतदाता विवरण सत्यापन तथा डेटा मिलान संबंधी विस्तृत जानकारी जनपद के समस्त बीएलओ एवं सुपरवाइजरों को दी।जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि यह कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रत्येक बीएलओ एवं सुपरवाइजर सजगता, पारदर्शिता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। गणना प्रपत्र में दर्ज की जाने वाली प्रत्येक जानकारी त्रुटिरहित होनी चाहिए, जिससे मतदाता सूची पूर्णतः शुद्ध एवं अद्यतन तैयार हो सके। उन्होंने कहा कि पात्र मतदाताओं के नाम जोड़े तथा अपात्र अथवा मृत व्यक्तियों के नामों को हटाने की कार्रवाई निर्धारित नियमों एवं समयसीमा के अन्तर्गत की जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि बीएलओ ऐप पर गलत डेटा फीडिंग किसी भी स्थिति में न की जाए। यदि ऐसा पाया जाता है तो सम्बन्धित के विरूद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने यह भी कहा कि बीएलओ अपने दायित्वों का निर्वहन निर्भीक होकर और पूरी निष्ठा से करें। उन्होंने कहा कि अपने कार्य को समयबद्ध एवं शत-प्रतिशत गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने वाले ऐसे 10 उत्कृष्ट बीएलओ को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा और उन्हें विशेष रूप से आमंत्रित कर मेरे साथ भोजन का अवसर भी उपलब्ध कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक बीएलओ को अपने क्षेत्र में घर-घर जाकर गणना प्रपत्र के माध्यम से मतदाताओं से आवश्यक जानकारी एकत्र करनी होगी। उन्होंने इस प्रक्रिया में बीएलओ को बीएलओ ऐप का सक्रिय उपयोग कर कार्य की प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बीएलओ और सुपरवाइजरों को यह भी बताया कि जिन मतदाताओं का विवरण डेटाबेस से मेल नहीं खाता या जिनकी जानकारी उपलब्ध नहीं है, उनके संबंध में ईआरओ (एसडीएम) द्वारा नोटिस जारी किया जाएगा। उन्होंने सभी बीएलओ से अपील की है कि वे अपने क्षेत्र के प्रत्येक पात्र मतदाता तक पहुंचें, दस्तावेजों का सत्यापन कर सही एवं अद्यतन जानकारी प्राप्त करें, ताकि मतदाता सूची पूर्ण, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित तैयार हो सके।

# पुलिस अधीक्षक, रामपुर एवं अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला आरक्षियों को सम्मानित किया गया



**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक, रामपुर एवं अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा थाना कैमरी की महिला आरक्षी निशा, तथा थाना खजुरिया की महिला आरक्षी गंगा देवी एवं महिला आरक्षी अमृता भूषण को अपनी-अपनी बीट की उत्तम बीट बुक तैयार करने एवं बीट से संबंधित पूर्ण एवं अद्यतन जानकारी रखने के लिए नकद इनाम देकर सम्मानित किया गया ।वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिया गया यह सम्मान महिला आरक्षियों के श्रेष्ठ कार्य, लगन तथा बीट प्रबंधन में उनकी दक्षता को प्रतिबिंबित करता है । इस प्रकार का प्रोत्साहन पुलिस कर्मियों को अपने कर्तव्यों के प्रति और अधिक जिम्मेदारी एवं समर्पण भाव से कार्य करने हेतु प्रेरित करता है ।

# कलेक्ट्रेट सभागार मे जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता मे कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर आरटीओ, अधिशासी अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग, लोक निर्माण विभाग, परिवहन, ट्रैफिक पुलिस अधिकारी समिति अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने जिला गन्ना अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी चीनी मिल अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर निर्देशित करें कि किसी भी अवस्था में बिना फिटनेस एवं ओवरलोडेड वाहनों का गन्ना परिवहन में संचालन नहीं होना चाहिए। उन्होंने सचेत करते हुए कहा कि उक्त प्रकार की शिकायत संज्ञान में आने पर वाहन स्वामी के साथ-साथ मिल प्रबंधन तंत्र के विरुद्ध भी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने एनएचआई के अधिकारियों निर्देश दिए कि जो भी मार्ग हाइवे से जुड़ रहे है, उन पर तत्काल स्पीड ब्रेकर बनाना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि हाइवे पर एक्सीडेंटल व संवेदनशील स्थानों पर दुर्घटना संबंधित पोस्टर लगाना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि हाईवे पर शेष रह गए कट को उनको तत्काल बंद करना सुनिश्चित करें जिससे कि कोई भी अप्रिय घटना न होने पाए।

उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक तथा बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन स्कूलों द्वारा छात्र-छात्राओं के परिवहन में फिटनेस पूर्ण न होने वाले वाहनों का संचालन पूर्णतया प्रतिबंध कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्कूली बच्चों की सुरक्षा के दृष्टिगत निर्देश दिए कि उप संभागीय परिवहन विभाग तथा ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी संयुक्त रूप से बच्चों का परिवहन करने वाले वाहनों की फिटनेस आदि की चेकिंग करें और कमी पाए जाने पर उनके खिलाफ समुचित कार्यवाही करते हुए उनका परिवहन बंद कराएं। उन्होंने निर्देश दिए कि कोई भी वाहन बिना फिटनेस के संचालित न पाया जाए। साथ ही उन्होंने जिले में संचालित एम्बुलेंस की फिटनेस की जांच करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा समाज के हर व्यक्ति की जिंदगी से जुड़ी हुई है।

# हल्दौर ग्रुप आफ कॉलेज मे साइबर अपराध, मिशन शक्ति पर सभा का आयोजन

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**बिजनौर :** हल्दौर ग्रुप आफ कॉलेज हल्दौर जनपद बिजनौर में भगवान दास (उप निरीक्षक) थाना हल्दौर जनपद बिजनौर की अध्यक्षता में साइबर अपराध, मिशन शक्ति आदि विषयों पर एक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता दुष्यंत चौधरी और हिमांशु शर्मा ने छात्र-छात्राओं को संबोधित किया उन्होंने अपने संबोधन में बताया कि साइबर अपराध में कई तरह के अपराध आते हैं जिसमें हैकिंग पहचान की चोरी, वित्तीय धोखाधड़ी, रैंसमवेयर हमले ,मैलवेयर हमले, साइबर जासूसी और ऑनलाइन अवैध गतिविधियां शामिल है इन अपराधों में डिजिटल माध्यमों से इस्तेमाल करके डेटा चुराना, सिस्टम को नुकसान पहुंचाना या वित्तीय लाभ के लिए धोखाधड़ी करना शामिल है मिशन शक्ति पर विचार व्यक्त करते हुए आरक्षी अनु कुमारी ने बताया कि मिशन शक्ति का उद्देश्य से जीवन चक्र के आधार पर महिलाओं को प्रभावित करने वाले मुद्दों का समाधान करके तथा अभिसरण और नागरिक स्वामित्व के माध्यम से उन्हें राष्ट्र निर्माण में समान भागीदार बनाकर महिला नेतृत्व वाले विकास के लिए सरकार की प्रतिबद्धता साकार करना है। महाविद्यालय द्वारा सभी को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय निदेशक डॉ अनुज कुमार व महाविद्यालय प्राचार्य डॉ योगेंद्र कुमार सहित समस्त स्टाफ की उपस्थिति रहे।

# श्रीव्यास तपोवन (श्रीराम गौ सेवा कुंज) में श्रीहनुमान मन्दिर का भूमि पूजन 25 नवम्बर को

**(डॉ. गोपाल चतुर्वेदी)**

वृन्दावन। गोवर्धन रोड़-ग्राम बहुलावन (बाटी) स्थित श्रीव्यास तपोवन (श्रीराम गौ सेवा कुंज) में श्रीराम मित्र मंडल (रजि.) के द्वारा निमार्णाधीन श्रीहनुमान मन्दिर का भूमि पूजन (शिलान्यास) 25 नवम्बर 2025 को पूर्वाह्न 11:30 से 12:15 बजे पर्यन्त अत्यन्त श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ किया जाएगा।



जानकारी देते हुए समन्वयक डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने बताया है कि श्रीराम मित्र मंडल (रजि.) के अध्यक्ष आचार्य महन्त रामदेव चतुर्वेदी की अध्यक्षता में होने वाले इस भूमि पूजन शिलान्यास में ब्रज के कई प्रख्यात सन्त, महामण्डलेश्वर, श्रीमहन्त व धमार्चार्यों के अलावा देश विदेश से आए सैकड़ों भक्त-श्रद्धालु व समस्त ग्राम वासी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के अंतर्गत सायं 05 बजे से वृन्दावन के बांके बिहारी कॉलोनी स्थित श्री कौशल किशोर राम मन्दिर में आचार्य लवदेव चतुर्वेदी एवं आचार्य कुशदेव चतुर्वेदी के द्वारा श्रीराम विवाह महोत्सव आयोजित किया जाएगा ।जिसमें सभी भक्त-श्रद्धालु सादर आमंत्रित हैं। महोत्सव की संयोजक श्रीमती कुंजलता चतुर्वेदी ने सभी से इस आयोजन में उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

# दौड़ प्रतियोगिता में प्रमित प्रथम : प्रणय मनु गुप्ता



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नूरपुर :** स्योहारा रोड़ स्थित आर आर पब्लिक स्कूल में नन्हे मुन्ने बच्चों के लिए एक दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्कूल की डायरेक्टर प्राची गुप्ता व उप प्रधानाचार्य टीकम सिंह ने फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। खेल शिक्षक जीवन सिंह के अनुसार कक्षा नर्सरी में बालक वर्ग से 40 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में प्रमित प्रथम, दिव्यांश द्वितीय, राजवर्धन तृतीय जूनियर केजी सी में शौर्य कुमार प्रथम,कुशांक द्वितीय, जुलकरेन तृतीय सीनियर केजी बी में आरव प्रथम, दैविक द्वितीय,देव तृतीय बालिका वर्ग से नर्सरी में कीर्ति प्रथम,चैरी द्वितीय, सुखप्रीत तृतीय जूनियर केजी सी में त्रिशा प्रथम,परिधि द्वितीय,शिवान्या तृतीय सीनियर केजी बी में काव्या प्रथम, अफीफा द्वितीय व अनाया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा नर्सरी ए में बालक वर्ग से मेंढक दौड़ प्रतियोगिता में राज्यवर्धन प्रथम, भविष्य द्वितीय,गिवांश तृतीय नर्सरी बी में उन्नत प्रथम, रूद्र द्वितीय, सूर्यांश तृतीय नर्सरी बालिका वर्ग से शंकु दौड़ प्रतियोगिता में आयजा प्रथम, मिशाका द्वितीय, कृतिका तृतीय नर्सरी बी में युवांश प्रथम, सार्थक द्वितीय, लिवांश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर केजी बी बालक वर्ग की नींबू - चम्मच दौड़ प्रतियोगिता में बासु प्रथम, रुद्र द्वितीय, मलकित तृतीय सीनियर केजी ए में दक्ष प्रथम, रूद्रजीत द्वितीय, आरुष तृतीय बालिका वर्ग से जूनियर केजी बी में ईशु प्रथम, पारकी द्वितीय, निकिता तृतीय सीनियर केजी ए में शानवी प्रथम, विनिका द्वितीय, अनन्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर केजी ए बालक वर्ग की समूह दौड़ प्रतियोगिता में मोहम्मद असद प्रथम, हनु द्वितीय, मोहम्मद अफफान तृतीय सीनियर केजी सी में तेजवीर प्रथम, हर्षवर्धन द्वितीय, अनिरुद्ध तृतीय बालिका वर्ग से जूनियर केजी ए में ईशा प्रथम, आयजा द्वितीय, अंजल तृतीय सीनियर केजी सी में गितिलन प्रथम, रूष्टि द्वितीय, कृतिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# भाजपा नेता शिवनाथ चौधरी ने ओजोन हास्पिटल का फीता काटकर किया उद्घाटन

**असदुल्लाह सिद्दीकी**



**बर्डपुर/सिद्धार्थनगर।** बर्डपुर-चिल्हिया मार्ग तिरंगा चौराहा पर अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करीब 40 से 50 बेड वाले ओजोन हॉस्पिटल का रविवार को भव्य उद्घाटन किया गया। इस हास्पिटल का उद्घाटन शिवनाथ चौधरी भाजपा पिछडा मोर्चा क्षेत्रीय अध्यक्ष गोरखपुर जोन ने फीता काटकर कर किया।

ओजोन हॉस्पिटल 24*7 आपातकालीन सेवाओं के साथ संचालित होगा और नौ विशेषज्ञ डॉक्टरों की एक टीम द्वारा विभिन्न रोगों का उपचार प्रदान करेगा। इस टीम में डा. डी चौधरी (ट.इ.इ.र. टर), जनरल सर्जन, बच्चों के स्पेशलिस्ट डा. जे.के वर्मा (ट.इ.इ.र.) , डा. एस.के चौधरी (ट.इ.इ.र) नाक, कान, गला, डा. आफताब आलम (ट.इ.इ.र) जनरल फिजिशियन, डॉ. डी.पी. सिंह (ट.इ.इ.अस्थि रोग विशेषज्ञ, डॉ. ए.यादव (ट.इ.इ.र ट.र.) हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ. सी.पी. चौधरी ट.ऊ फिजिशियन, हॉस्पिटल के प्रबंधक संतोष चौधरी, महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. शालिनी सिंह(ट.इ.इ.र) डॉ. आर मौर्या जनरल फिजिशियन शामिल हैं। ओजोन हॉस्पिटल के उदघाटन के अवसर पर जावेद आलम उर्फ चुन्ने प्रधान (कपिलवस्तु नगरपंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि) कुलदीप दुवेदी रोजगार संघ अध्यक्ष, प्रधान वजहुल कमर, अकरम आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

# अभिनेता धर्मेंद्र देओल के निधन पर शोक व्यक्त करने मुंबई के लिए निकले विधायक पूरण प्रकाश



**वेलकम इंडिया**

**बलदेव /मथुरा।** सोमवार को अभिनेता धर्मेंद्र की खबर मिलने पर बलदेव विधायक पूरन प्रकाश ने मथुरा सांसद व अभिनेत्री हेमा मालिनी के फोन के माध्यम से शोक संवेदना व्यक्त की तथा शोक सभा में सम्मलित होने के लिए मथुरा से मुंबई के लिए रवाना हुए !

शोक व्यक्त करने बालो में सांसद प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा, पूर्व ब्लॉक प्रमुख पुष्पा प्रकाश , विधायक प्रतिनिधि पंकज प्रकाश , तरुण प्रकाश , लेखराज प्रधान अवैरनी , अनिल रावत , अजीत छौंकर, राजेंद्र प्रधान कुरकंदा, होशियार प्रधान अवैरनी, मल्ल सिंह प्रधान , किसान नेता राजकुमार तोमर अजय प्रधान , अजीत पहलवान , बंटी पहलवान , निहाल सिंह आर्य, अनिल सरपंच , देवेंद्र परिहार , राहुल वैदिक, पीतम काका, रतनवीर बाबा , उदयवीर सरपंच , रमेश प्रधान हवेली, लाखन प्रधान , गब्बर पहलवान , खुशी पहलवान , मुकेश प्रधान , नीरज चौधरी व सैकड़ो लोगो ने अभिनेता धर्मेंद्र को श्रद्धांजलि दी !

# महिला आयोग की सदस्य को देख टॉयलेट में छुप गए मुजफ्फरनगर के सीएमओ

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**





**बिजनौर :** राज्य महिला आयोग की सदस्य द्वारा की गई छापामार कार्रवाई में मुख्य चिकित्सा अधिकारी मुजफ्फरनगर, जिला बिजनौर के चांदपुर में अवैध क्लीनिक चलाते पकड़े गए। महिला आयोग की सदस्य को देखते ही सीएमओ टॉयलेट में छुप गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार चांदपुर निवासी डॉ सुनील तेवतिया मुजफ्फरनगर में मुख्य चिकित्सा अधिकारी के पद पर तैनात हैं। महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन को शिकायत मिली थी कि डॉ सुनील तेवतिया चांदपुर स्थित अपने आवास पर अवैध रूप से क्लिनिक संचालित कर रहे हैं सूचना पर कार्रवाई करते हुए रविवार की दोपहर राज्य महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन स्थानीय पुलिस के साथ उनके नवजीवन नर्सिंग होम में दाखिल हुई। इस समय अपने चेंबर में कुर्सी पर बैठे डॉ तेवतिया महिला आयोग की सदस्य को देखकर टॉयलेट में घुस गए। पुलिस ने लगभग 5 मिनट तक दरवाजा खटखटाया लेकिन डॉ ने दरवाजा नहीं खोला। पुलिस बल द्वारा दरवाजा तोड़ने की धमकी देने के बाद डॉ तेवतिया कापते हुए बाहर निकले। उत्तर प्रदेश महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन ने उन्हें फटकार लगाते हुए कहा, पहले ही आपको कहा था कि अवैध क्लिनिक मत चलाइए। सीएमओ सुनील तेवतिया की पत्नी ने बताया कि वह मुझसे मिलने आए हैं। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन ने बताया कि सीएमओ डॉ सुनील तेवतिया चांदपुर में अवैध तरीके से क्लीनिक चला रहे हैं। और मरीजों से प्रति मारिए 300 रुपये फीस ले रहे थे। उन्हें इस संबंध में लगातार शिकायतें मिल रही थी। संगीता जैन ने बताया कि 2 महीने पहले भी, मैं उनको चेतावनी दे चुकी थी लेकिन वह मान नहीं रहे थे।

# ऊर्जा निगम के जेई पर सुरक्षाकर्मी से मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप

**वेलकम इंडिया**

**जहांगीराबाद।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चान्दौक स्थित 220 के वी विद्युत उपकेंद्र के सुरक्षाकर्मी गवेन्द्र सिंह ने ऊर्जा निगम के जेई सुधीर कुमार पर मारपीट व जान से मारने की धमकी की तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करवाया है। गवेन्द्र ने तहरीर में बताया कि वह अपने सहकर्मी देवेंद्र के साथ ड्यूटी कर रहा था। तभी जेई सुधीर कुमार बिना लिखापढ़ी बिजलीघर पर रखा अतिरिक्त सामान अपने कब्जे में लेना चाह रहे थे। सुरक्षाकर्मी द्वारा जेई को रोकने पर उसे पीटा गया। बता दें कि ग्राम चांदौक स्थित विद्युत उपकेंद्र के सुरक्षाकर्मी (एक्स आर्मी मैन) गवेन्द्र ने तहरीर में बताया है कि बीती अक्टूबर माह के दिनांक 24 की सुबह लगभग सवा आठ बजे वह अपने सहकर्मी देवेंद्र के साथ अपनी ड्यूटी पर तैनात था। तभी जेई सुधीर कुमार जो कि उपकेंद्र में स्टाफ के लिए बने क्वाटर में रहते हैं वह आये और बिना किसी लिखा पढ़ी के पिछले काफी दिनों से उपकेंद्र में रखे अतिरिक्त सामान को अपने कब्जे में लेना चाह रहे थे। जिसका विरोध करने पर जेई ने सुरक्षाकर्मी से गाली गलोच शुरू कर दी। सुरक्षाकर्मी ने आगे आरोप लगाते हुए बताया कि जब उसने गाली का विरोध किया तो जेई ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। वहाँ मौजूद लोगों ने जेई से सुरक्षाकर्मी को बचाया। उसके बाद जेई सुरक्षाकर्मी को जान से मारने की धमकी देते हुए चला गया। सुरक्षाकर्मी ने अपने साथ हुई मारपीट की सूचना विभाग के आला अधिकारियों को दी। अधिकारियों ने आरोपी जेई के खिलाफ कार्यवाही करने का आश्वासन भी दिया लेकिन जेई के खिलाफ किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं होने के कारण पीड़ित ने जेई के खिलाफ शिकायती पत्र देकर मुकदमा दर्ज कराया है।

# प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



हापुड़। जनपद में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में माननीय प्रभारी मंत्री श्री कपिल देव अग्रवाल जी की अध्यक्षता में संपन्न हुई।बैठक में सर्वप्रथम मुख्य विकास अधिकारी श्री हिमांशु गौतम ने गत बैठक कीअनुपालन आख्या से मंत्री जी को अवगत कराया।

इसके उपरांत दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, दीन दयाल उपाध्याय विद्युत योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, अमृत योजना सहित अन्य विभिन्न योजनाओं की विभागवार समीक्षा की गई।माननीय प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं को निर्धारित समयावधि में हर हाल में पूरा किया जाए।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि जिन योजनाओं को शासन से स्वीकृति प्राप्त है, उनके लोकार्पण एवं शिलान्यास से पूर्व जनपद के जनप्रतिनिधियों को अवश्य सूचित किया जाए।समाज कल्याण विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि जिनकी पेंशन शासन स्तर पर लंबित है, उनके निस्तारण हेतु जिला समाज कल्याण अधिकारी व्यक्तिगत प्रयास करें।मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना पर उन्होंने निर्देश दिया कि लक्ष्यों के अनुरूप प्राप्त आवेदनों के आधार पर विवाह की तिथि शीघ्र निर्धारित कर कार्यक्रम संपन्न कराए जाएँ।

उन्होंने यह भी कहा कि अधिक नए आवेदनों के कारण पूर्व आवेदनों के कार्य में किसी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए।राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम के संबंध में मंत्री जी ने पूर्ण योजनाओं की सूची उपलब्ध कराने, कार्यों में तेजी लाने और गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

एसआईआर प्रक्रिया की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि किसी भी मतदाता का नाम छूटने न पाए। बीएलओ सभी मतदाताओं के घर-घर जाकर फॉर्म वितरित करें और सभी फॉर्म सही जानकारी के साथ भरवाएँ।

## अवैध छुरी बरामदगी के आरोपी को 01 दिन का कारावास व 2000/-रुपए के अर्थदण्ड की सुनाई सजा

बुलंदशहर। अभियुक्त फरीद उर्फ खुरशैद निवासी ग्राम सराय छबीला थाना कोतवाली देहात जनपद बुलन्दशहर को वर्ष-2011 में दिनांक 15.12.2011 को थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा अवैध छुरी के साथ गिरफ्तार किया गया था। इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली देहात पर मुअसं- 843/2011 धारा 4/25 शस्त्र अधि0 पंजीकृत किया गया तथा दिनांक 19.12.2011 को पुलिस द्वारा मा0 न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया। इस अभियोग को पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे अभियान ₹ऑपरेशन कन्विक्शन₹ के अन्तर्गत चिन्हित करते हुए। मॉनीटरिंग सैल बुलंदशहर द्वारा मा0 न्यायालय में सशक्त, प्रभावी पैरवी कर अभियोजन की कार्यवाही सम्पन्न करायी गई।

## बुंदेलखंड इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2025 सम्पन्न 25 फिल्मों की स्क्रीनिंग, कई कलाकार हुए सम्मानित



वेलकम इंडिया

झाँसी। गवर्नमेंट म्यूजियम, राजकीय संग्रहालय में एस के इवेंट कंपनी एंड फिल्म प्रोडक्शन हाउस एवं एस के अकैडमी ऑफ आर्ट सोसाइटी द्वारा आयोजित दो दिवसीय बुंदेलखंड इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2025 भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन से हुई। इसके बाद फिल्म इंडस्ट्री के दिवंगत कलाकारों गोवर्धन असरानी, पंकज धीर, सतीश शाह, सुलक्षणा पंडित और शेफाली जरीवाला को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। फेस्टिवल में देशभर से पहुंचे फिल्म मेकर्स और कलाकारों की लगभग 25 फिल्मों, डॉक्यूमेंट्री, एल्बम सॉन्ग और एड फिल्मों की स्क्रीनिंग की गई। संस्कृत भाषा को बढ़ावा देती फिल्म मुद्राराक्षस से कार्यक्रम की शुरूआत हुई। सभी प्रतिभागियों को मंच पर सम्मानित किया गया।

फेस्टिवल के तहत आयोजित ऑनलाइन प्रतियोगिता में सीनियर मिस इंडिया 2025 का खिताब मिस गजाला खान ने जीता। फर्स्ट रनरअप रागिनी यादव, सेकंड रनरअप रेनू यादव, जबकि क्वीन ऑफ सीनियर मिस इंडिया का ताज छतरपुर की प्रिया बुंदेली को पहनाया गया। साथ ही बेस्ट क्रिएटर अवार्ड 2025 टीकमगढ़ की मिसेज संध्या तिवारी ने जीता, जिन्हें ट्रॉफी के साथ इक्कीस हजार रुपये का नगद पुरस्कार दिया गया।

## सार संक्षेप

### मुमताज फार्म हाउस पर अवैध संचालन का आरोप, डीएम से कार्रवाई की मांग ?



मेरठ। कस्बा शाहजहाँपुर के नित्यानंदपुर मार्ग स्थित मुमताज फार्म हाउस पर अवैध संचालन के आरोप लगाते हुए जमील अख्तर खान ने जिलाधिकारी को शिकायत दी है। शिकायत में कहा गया है कि फार्म हाउस बिना नक्शा पास, बिना संचालन लाइसेंस और बिना फायर ठडउ के चल रहा है।फायर एक्सटिंग्विशर, स्मोक डिटेक्टर, अलार्म सिस्टम तथा इमरजेंसी एग्ज़िट जैसी सुविधाएँ भी नहीं हैं। स्वच्छता और ड्रेनेज की व्यवस्था खराब होने से स्थानीय लोगों को परेशानी हो रही है। शिकायतकर्ता ने परिसर में बिना अनुमति बनाए गए स्विमिंग पूल को भी खतरनाक बताते हुए कहा कि न लाइफगार्ड है, न फेंसिंग, न पानी जांच की व्यवस्था। यहां कार्यक्रमों के दौरान लोगों, खासकर बच्चों की सुरक्षा पर गंभीर जोखिम बताया गया है।जमील अख्तर खान ने फार्म हाउस को तुरंत सील करने और कार्रवाई की मांग की है। वहीं, मालिक का कहना है कि उनके पास नक्शा पास है और वे प्रशासन की जांच में सहयोग करने को तैयार हैं।

### दहेज हत्या में फरार आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी

उसका/सिद्धार्थनगर। दहेज प्रताड़ना और आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण के मामले में फरार चल रहे वांछित अभियुक्त को थाना उस्का बाजार पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अनिल यादव पुत्र भगवानदास निवासी छितरापार के रूप में हुई है। उसके खिलाफ थाना उस्का बाजार में मुकदमा दर्ज था। अनिल यादव पर अपनी पत्नी को दहेज के लिए प्रताड़ित करने और गंभीर मानसिक उत्पीड़न का आरोप है। पुलिस उसकी लंबे समय से तलाश कर रही थी। सोमवार सुबह मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने उस्का बाजार रेलवे स्टेशन क्षेत्र में दबिश दी और उसे संदिग्ध हालत में घूमते हुए पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद प्रारंभिक पूछताछ के पश्चात उसे अदालत में पेश किया गया। पुलिस ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर सख्त और त्वरित कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### गुमशुदा नाबालिग किशोरी को सकुशल बरामद कर परिजनों को किया गया सुपुर्द

वाराणसी। कपसेठी थाने पर 18 नवम्बर 2025 को वादी द्वारा लिखित सूचना दी गई कि उसकी पुत्री 17 नवम्बर 2025 को घर से निकली थी जो वापस नहीं लौटी काफी तलाश के उपरांत भी उसका कोई पता नहीं चल सका ` प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना कपसेठी पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 176/2025 धारा 137(2) बीएनएस पंजीकृत कर अपहृता की तलाश हेतु मिशन शक्ति केन्द्र की महिला उप निरीक्षक दिव्या भदौरिया के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई दिनांक 24 नवम्बर 2025 को कपसेठी थाने की मिशन शक्ति केन्द्र की पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति अभियान फेज-0.5 के अंतर्गत थाना क्षेत्र में जन-जागरूकता कार्यक्रम संचालित किया जा रहा था इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर ग्राम सरांवा स्थित भद्रकाली मंदिर के पास से मुकदमा उपरोक्त से संबंधित अपहृता को सकुशल बरामद किया गया।

## छात्र-छात्राओं ने विभिन्न मुद्दों पर की जोरदार बहस

वेलकम इंडिया



गरुड़। संसदीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के नेशनल यूथ पार्लियामेंट स्कीम ( एनवाईपीएस) के तहत सुमित्रानंदन पंत राजकीय महाविद्यालय में तरुण सभा (युवा संसद) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि जिपं अध्यक्ष शोभा आर्या ने कहा कि युवाओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करने के लिए युवा संसद जरूरी है।

विशिष्ट अतिथि नपं अध्यक्ष भावना वर्मा ने कहा कि युवा संसद लोकतंत्र की संसदीय प्रणाली को समझने के लिए आवश्यक है। प्राध्यापक डा. दिवाकर टम्टा ने संविधान एवं संसदीय व्यवस्था की मूल भावना पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डा. लता आर्या ने युवा संसद की रूपरेखा प्रस्तुत की। बैठक की शुरूआत राष्ट्रगान एवं नवनिर्वाचित युवा सांसदों की शपथ और प्रतिज्ञा से हुई। सांसदों ने सत्ता पक्ष से पेट्रोल-डीजल मूल्य वृद्धि, स्वच्छता अभियान, बेरोजगारी, पलायन, पर्वतीय क्षेत्रों की स्वास्थ्य स्थिति, जन-धन योजना, ह्यबेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओह्व, कृषि, नई शिक्षा नीति 2020, आपदा प्रबंधन, राष्ट्रीय सुरक्षा, सामाजिक न्याय, महिला सशक्तिकरण एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय एवं समसामयिक मुद्दों पर प्रश्न पूछे। ह्यस्पेशल मेंशन आवरह्व में छात्र-छात्राओं ने महिला शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यक्तिगत स्वच्छता, साइबर सुरक्षा और स्वच्छता अभियान जैसे विषयों पर प्रभावी वक्तव्य दिए। भाषण प्रतियोगिता में क्रमशः वर्षा पाण्डेय, हिमानी पंत और विरेंद्र रावत को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान मिला। युवा संसद मंचन में दीक्षा तिवारी ने लोकसभा अध्यक्ष, हिमानी पंत ने प्रधानमंत्री, ममता गोस्वामी ने संसदीय सचिव, दिव्या ने रक्षा मंत्री तथा हिमानी भट्ट ने वित्त मंत्री , श्वेता मिश्रा ने महिला कल्याण और बाल विकास मंत्री एवं आरती, नीलम, सीमा, अंजली राणा, हर्षिता पंत, विरेन्द्र सिंह रावत, मिनाक्षी आर्या,ने विपक्ष की भूमिका निभाई।

## साधु टीएल वासवानी के जन्म दिवस 25 नवम्बर को, नगर क्षेत्र के सभी मीट मुर्गा की दुकानें रहेगी बंद

वाराणसी। नगर निगम वाराणसी द्वारा साधु टीएल वासवानी के जन्म दिवस 25 नवम्बर को नगर क्षेत्र में सभी मीट मुर्गा की दुकानों को बन्द करने का आदेश निर्गत किया गया है विभिन्न हिन्दू पर्वो/ त्यौहारों पर आम जनमानस को कोई भी असुविधा न हो ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर शराब,मदिरा व मीट के व्यापारिक प्रतिष्ठान/ दुकानों को ऐसे पर्वो पर पूर्णयता बन्द कराये जाने का प्राविधान व निर्देश दिये जाते रहते हैं इसी क्रम में शासनादेश 22 नवम्बर 2025 के क्रम मे साधु टीएल वासवानी का जन्म दिवस 25 नवम्बर 2025 को अभय दिवस अथवा अहिंसा दिवस के रूप मे पूर्व की भांति इस वर्ष भी मनाया जायेगा ।

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी



वेलकम इंडिया

गरुड़। गरुड़ ब्लॉक कांग्रेस ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल के खिलाफ सोशल मिडिया में उन्हें आतंकी संघ का प्रदेश कमांडर बताकर कांग्रेस पार्टी की छवि धूमिल करने, सँगठन को आतंकी बताकर भाजपा नेताओं द्वारा की गई निंदनीय टिप्पणी पर कांग्रेसी नेताओं ने ऐसे बड़बोले नेताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई और जल्द की गई टिप्पणी पर सार्वजनिक रूप से प्रदेश की जनता से माफी मांगने की बात कहते हुए भाजपा ने सत्ता के अहंकार से अपना असली चरित्र उजागर किया है। आक्रोशित कांग्रेसी कार्यकताओ ने बीजीपी के आईटी सेल के पूर्व अध्यक्ष शेखर वर्मा, प्रदेश बीजपी और सोसियल मीडिया में पोस्ट शेयर करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए उनके खिलाफ मुकदमा कायम करने को लेकर कोतवाली बैजनाथ में तहरीर दी हैं। वरिस्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण के नेतृत्व में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गिरीश कोरंगा और अन्य कांग्रेसी नेताओं ने पुलिस को तहरीर दी है।

## दौमी स्थित वृद्ध आश्रम में डीसी परिवार की सदस्य डॉ. बृजबाला अग्रवाल द्वारा इलेक्ट्रिक केतलियों का वितरण



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

हापुड़। जनपद के दौमी स्थित वृद्ध आश्रम में आज डीसी परिवार की सदस्य डॉ. बृजबाला अग्रवाल ने बुजुर्गों की सुविधा हेतु सराहनीय पहल करते हुए इलेक्ट्रिक केतलियाँ वितरित कीं। सर्दी के मौसम को देखते हुए उठाया गया यह कदम बुजुर्गों के दैनिक जीवन में महत्वपूर्ण सहूलियत प्रदान करेगा, जिससे वे आवश्यकता पड़ने पर आसानी से गर्म पानी का उपयोग कर सकेंगे।इस सेवा कार्य में पुनीत गोयल और आभा गोयल का भी विशेष सहयोग रहा। आश्रम प्रशासन और बुजुर्गों ने इस उदार पहल के लिए तीनों का हार्दिक धन्यवाद व्यक्त किया।

बुजुर्गों ने बताया कि सर्दियों में गर्म पानी की आवश्यकता अधिक होती है, और नई इलेक्ट्रिक केतलियाँ उनके लिए बेहद उपयोगी सिद्ध होंगी।मानव सेवा और सामाजिक योगदान की इस पहल की स्थानीय लोगों सहित सभी ने भरपूर सराहना की है।

## प्रोफेसर भीष्म सिंह बने भारतीय विश्वविद्यालय क्रिकेट टीम के चयनकर्ता



औरंगाबाद/बुलंदशहर जनपद बुलंदशहर के उदीयमान होनहार प्रतिभाशाली क्रिकेटर प्रोफेसर भीष्म सिंह ने एक बार फिर से जिले का नाम पूरे देश में रोशन कर दिया है। प्रोफेसर भीष्म सिंह को भारत की विश्वविद्यालय क्रिकेट टीम का चयनकर्ता बनाया गया है। उनके साथ सात सदस्यीय टीम है जिसमें पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरविंदर सिंह के साथ साथ बीसीसीआई के चयनकर्ता भी शामिल हैं। प्रोफेसर सिंह भारत की विश्वविद्यालय टीम का चयन करेंगे जो दिसंबर में आस्ट्रेलिया का दौरा करेगी। विदित हो कि प्रोफेसर भीष्म सिंह अमर सिंह महाविद्यालय लखावटी में शारीरिक शिक्षा एवं खेल कूद विभागाध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं और उनके नेतृत्व में महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने देश विदेश में क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

## नायब तहसीलदार ने एसआईआर कार्य प्रगति का किया औचक निरीक्षण



विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी के निर्देशन एवं उप जिला अधिकारी सदर नैन्सी सिंह के मार्गदर्शन में विधानसभा प्रतापगढ़ 248 के एस.आई. आर. कार्य की प्रगति का नायब तहसीलदार दिनेश चंद तिवारी ने पूरे पितई, एमडीपी कॉलेज, साधन सहकारी समिति रूपापुर, प्राथमिक विद्यालय चकवनतोड़, प्राथमिक विद्यालय पुरे ओझा वूथ का औचक निरीक्षण किया।

उन्होंने पाया कि संविलियन विद्यालय रूपापुर में दो बूथ, प्राथमिक विद्यालय पूरे ओझा बूथ, प्राथमिक विद्यालय चकवनतोड़ वूथ पर ऑनलाइन फीडिंग का कार्य संतोष जनक पाया गया जिस पर वहां लगे बीएलओ एवं सुपरवाइजर धर्मेंद्र ओझा एवं सहयोग कर रहे सभी स्टाफ की सराहना की और कहा कि आगे भी इसी प्रकार की गति से आप लोग कार्य करते रहें जिससे समय से एस आई आर का कार्य पूर्ण हो सके। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरते इसी उत्साह एवं लगन से आगे भी कार्य करते रहें जहां अपेक्षा के अनुरूप प्रगति धीमी रही वहां उन्होंने निर्देशित किया कि शाम तक अपनी प्रगति और बढ़ाये। साथ मे कानून-गो त्रिभुवन मिश्रा मौजूद रहे।

## बुंदेलखंड के उरई में रग रग बुन्देली कार्यक्रम में युवा गायक ने दिखाई अपनी प्रतिभा

वेलकम इंडिया



झांसी। झांसी-बुंदेली सिंगर गौरव मूल निवासी ग्राम ढुरबई थाना टोडीफतेहपुर जनपद झांसी यूपी के है। इनकी माता का नाम सावित्री देवी एवं पिता का नाम राम प्रकाश कुशवाहा है और आपको बता दें कि गौरव जी एक अध्यापक है। बच्चो को पढ़ाकर फ्री समय निकालकर बुन्देली गीत पर गाना सीखा और आज उसी का परिणाम रहा, की गनपत कुशवाहा गौरव ने क्षेत्र सहित उरई में भी अपनी बुन्देली गीतो के सुर से वहा भी अपना नाम रोशन किया।

बचपन से ही पढ़ने का शौक था परंतु घर की आर्थिक स्थिति ठीक ना होने के कारण माता-पिता ने दिल्ली में मजदूरी करके इलाहाबाद जैसे शहर में पढ़ाया। सरकारी नौकरी की तैयारी करते-करते प्राइवेट विद्यालय में पढ़ाना शुरू कर दिया और लगातार 8 साल प्राइवेट विद्यालय में पढ़ाया। फिर देखा की प्राइवेट विद्यालयों की फीस बहुत महंगी है इसमें गरीब व्यक्तियों के बच्चे नहीं पढ़ पाते हैं तो फिर घर पर ही बच्चों को ट्यूशन पढ़ाना शुरू कर दिया। और जब-जब समय मिलता तो अपने गांव में ही संगीताचार्य मुकेश कुमार विश्वकर्मा जी से संगीत की शिक्षा लेने लगे।

शुरूआत में गांव में भजन मंडली में बैठकर भजन कीर्तन गाए फिर धीरे-धीरे बड़े-बड़े मंचों पर जाने का मौका मिला।पहली बार सागर मध्यप्रदेश में डॉ हरीश रहगड़ जो द्वारा ₹बुंदेली स्टार सिंगर अवार्ड 2025₹ से सम्मानित किया गया ।

फिर बुंदेली समागम का आयोजन सचिन चौधरी जी द्वारा झांसी में किया गया जिसमें गरौठा विधायक श्री जवाहर लाल राजपूत द्वारा सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## विश्व ब्राह्मण संघ यूपी के उपाध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा ने किया विवाह समारोह में शिरकत



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

हापुड़। विश्व ब्राह्मण संघ यूपी (भारत) के उपाध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा हापुड़ जनपद के धौलाना ब्लॉक स्थित एक गाँव में आयोजित विवाह समारोह में शामिल हुए। यह शादी विश्व ब्राह्मण संघ के जिला सचिव सचिन शर्मा की बहन की थी, जिनके शुभ विवाह अवसर पर उन्होंने पहुंचकर परिवार को शुभकामनाएँ दीं।प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार उपाध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा एक प्रतिनिधिमंडल के साथ समारोह में पहुँचे। डेलिगेशन में जिले के वरिष्ठ पदाधिकारियों में जिला अध्यक्ष हापुड़ आशीष शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी सुनील शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष पंडित मामचंद शर्मा, दीपक शर्मा सहित अन्य सदस्य भी शामिल रहे।विवाह स्थल पर पहुँचे सभी पदाधिकारियों ने नव-युगल को मंगलमय दांपत्य जीवन का आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की उपस्थिति में सरदार बल्लभभाई पटेल की जयंती को समर्पित विकसित भारत पदयात्रा का किया भव्य आयोजन

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** उप मुख्यमंत्री उ0प्र0 ब्रजेश पाठक की गरिमामई उपस्थिति में माय भारत (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) द्वारा विधानसभा क्षेत्र खलीलाबाद में ह्लसरदार पटेल@150–एकता यात्रा का भव्य आयोजन किया गया।

लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की 150वीं जयंती के अवसर पर मा0 उप मुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक जी की गरिमामई में उपस्थिति में रन फॉर यूनिटी एकता यात्रा खलीलाबाद विधानसभा क्षेत्र के जूनियर हाई स्कूल खलीलाबाद से प्रारंभ होकर मेहदावल बायपास खलीलाबाद तक निकाली गई। पूरे मार्ग में सम्मानित जनता ने फूलमालाओं और जयघोष के साथ एकता यात्रा का स्वागत किया। एकता यात्रा के दौरान लोगों में देशभक्ति और एकता का जोश देखने को मिला।

एकता यात्रा का मुख्य उद्देश्य देश के लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती के अवसर पर *ह्लएक भारत, आत्मनिर्भर भारतह्व* के संकल्प को सशक्त बनाना रहा।

सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित इस रन फॉर यूनिटी पदयात्रा में प्रदेश महामंत्री भाजपा/रन फॉर यूनिटी के प्रदेश प्रभारी श्री संजय राय जी, प्रदेश उपाध्यक्ष/विधान परिषद सदस्य श्री संतोष सिंह जी, विधान परिषद सदस्य श्री सुभाष यदुवंश जी, जिला अध्यक्ष भाजपा श्रीमती नीतू सिंह जी, विधायक खलीलाबाद श्री अंकुर राज तिवारी जी, विधायक मेहदावल श्री अनिल त्रिपाठी जी, विधायक धनघटा श्री गणेश चंद्र चौहान जी, जिला प्रभारी भाजपा अजय सिंह गौतम जी, पूर्व सांसद इंद्रजीत मिश्र, पूर्व सांसद श्री अष्टभुजा शुक्ला सहित भाजपा के पदाधिकारीगण, सम्मानित पार्टी कार्यकर्तागण, विभिन्न विद्यालयों की छात्र-छात्राएं, एनसीसी कैडेट्स के स्काउट गाइड्स सहित भारी संख्या में सम्भ्रांत नागरिकगण द्वारा पूरे उत्साह के साथ रन फॉर यूनिटी एकता पदयात्रा में प्रतिभाग किया गया।

सरदार पटेल@150–एकता यात्रा के सफल एवं भव्य आयोजन पर जूनियर हाई स्कूल खलीलाबाद के प्रांगण में आयोजित विशाल जन समूह को संबोधित करते हुए मा0 उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक जी ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल के 150वीं जन्म जयंती के अवसर पर पूरे प्रदेश में *रन फॉर यूनिटी* का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल जी के जीवन चरित्र को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरे प्रदेश में एकता यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।

# डीएम ने खलीलाबाद मतदान केंद्र मौलाना आजाद इंटर कॉलेज के बूथों का किया निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार जनपद के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम (रकफ) का सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (वित्त व राजस्व) जयप्रकाश उपस्थित रहे।

आज निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा विधानसभा खलीलाबाद क्षेत्र अंतर्गत विकासखंड खलीलाबाद के मतदान केंद्र मौलाना आजाद इंटर कॉलेज पर पहुंचकर बूथ संख्या 370 व 372 का स्थलीय निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा एसआईआर से संबंधित हो रहे फीडिंग सहित अन्य संबंधित कार्यों की प्रगति का जायजा लिया गया।

मौके पर एसआईआर कार्य में लगाए गए बीएलओ व कर्मचारी उपस्थित पाए गए। जिलाधिकारी द्वारा विशेष प्रगाण पुनिरीक्षण कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी खलीलाबाद को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने-अपने देखरेख एवं पर्यवेक्षण में सभी बीएलओ को निर्देशित करें कि घर-घर जाकर फॉर्म भरवा कर जमा कराएं। उन्होंने कहा कि इस कार्य में लापरवाही करने वाले सभी संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। एसआईआर कार्य महत्वपूर्ण कार्य है इसको निर्धारित समय अवधि में प्राथमिकता पर कराया जाए।

निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी खलीलाबाद अरुण कुमार व अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका अवधेश भारती उपस्थित रहे।

## सार संक्षेप

### श्री राम-जानकी मंदिर साहू समाज से राम-विवाह की भव्य बारात का आयोजन



**झांसी** श्री रामझजानकी मंदिर साहू समाज बड़ा गांव गेट अन्दर से सोमवार को साहू समाज द्वारा रामझविवाह की भव्य बारात का आयोजन बड़े धूमधाम और धार्मिक उत्साह के साथ किया गया। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालु और समाज के लोग एकत्र होने लगे। मंगल गीतों और भजनझकीर्तन के बीच भगवान श्रीराम की बारात को पारंपरिक तरीके से सजाया गया। बारात निकलने से पहले विधिवत पूजाझअर्चना की गई, जिसके बाद भगवान श्रीराम की प्रतिमाओं को रथ पर विराजमान कराया गया। शोभायात्रा में शामिल भक्तों ने जयकारों, दुल्हाझदुल्हन स्वरूप सजावट, ढोलझनगाड़ों और भक्ति गीतों के माध्यम से पूरे मार्ग का वातावरण भक्तिमय बना दिया। साहू समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि यह आयोजन समाज की आस्था, संस्कृति और एकता का प्रतीक है। बारात शहर के विभिन्न मार्गों से होकर निकली और अंतिम चरण में पुनः श्री रामझजानकी मंदिर परिसर में पहुंचकर संपन्न हुई, जहाँ भव्य आरती और प्रसाद वितरण किया गया।

### आधे गांव की नहीं मिल सकी 2003 की वोटर लिस्ट

**संतकबीरनगर।** जहां एक तरफ चुनाव आयोग ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण चलाया जा रहा है। तो वहीं ईएसआर के तहत वर्ष 2003 की मतदाता सूची नहीं मिल पा रही है। देवरियानासिर के आधा गांव की वोटर लिस्ट तो मिल गई है लेकिन आधे गांव की वोटर लिस्ट अब तक नहीं मिल पाई। जो कि ग्रामीणों की परेशानी का कारण बना हुआ है। चुनाव आयोग द्वारा जारी विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान में वर्ष 2003 की मतदाता सूची देवरिया नासिर के आधे गांव के लोगों को नहीं मिल पा रही है। प्रधान प्रतिनिधि मुहम्मद सुलेमान चौधरी, अतीक अहमद, अबरार अहमद, अबू होरैरा, मुहम्मद इब्राहिम, ऐश मोहम्मद, राम बेलास, हरिकेश, राम लौट, राम किशुन आदि ने बताया कि बीएलओ से संपर्क किया गया तो बताया गया कि उनके पास भी नहीं है। गणना प्रपत्र तो मिला है लेकिन वोटर लिस्ट नहीं मिली है जिससे लोग परेशान हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से समस्या के समाधान की गुहार लगाए हैं।

### डांस वीडियो प्रकरण, स्थानांतरण के बाद भी ज्वाइनिंग नहीं

**कांधला।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात डॉक्टर का एक युवती के साथ डांस करते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला सुर्खियों में बना हुआ है। वायरल वीडियो में डॉक्टर बनियान और लोअर में नजर आ रहे थे, जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया था।वीडियो सामने आने के बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी सीएमओ अनिल कुमार ने चिकित्सा अधीक्षक डॉ. वीरेंद्र सिंह और डॉ. वकास सिद्दीकी को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा था। मामले के तूल पकड़ने पर उनके कमरे को सीएचसी की ऊपरी मंजिल से खाली भी करा दिया था।सीएमओ अनिल कुमार ने बताया कि डॉक्टर की रिपोर्ट कार्रवाई हेतु शासन को भेज दी गई है। साथ ही मामले के लंबित रहने तक डॉ. वकार सिद्दीकी का स्थानांतरण ऊन चिकित्सालय पर कर दिया गया है।वहीं ऊन के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. तरुण चौधरी ने बताया कि कांधला से स्थानांतरण आदेश आने के बावजूद डॉ. वकास सिद्दीकी ने अभी तक वहां ज्वाइन नहीं किया है। संभवतः वे मेडिकल लीव पर गए हों, जिसकी जानकारी फिलहाल स्पष्ट नहीं है प्रकरण को लेकर स्वास्थ्य विभाग में चर्चा जारी है और आगे की कार्रवाई शासन स्तर से तय की जाएगी।

### यूनिसपुर में पुरानी कहासुनी को लेकर विवाद

**बुगरासी।** थाना नरसेना के गांव यूनिसपुर में पुरानी कहानी को लेकर उस समय विवाद हो गया जब विपिन की दुकान पर नामजद पति चंद्र प्रकाश व पत्नी कमला ने मारपीट शुरू कर दी। विपिन व उसके भाई ने विरोध किया जो मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने दोनों को आरोपियों को नामजद कर नरसेना पुलिस को तहरीर दी है। एसओ नरसेना धीरपाल सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा लिखकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# मिट्टी भराव बना लोगों की समस्या का कारण, सड़क पर जल भराव

वेलकम इंडिया



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** विकासखंड क्षेत्र के सलेमपुर मार्ग पर बीते कई दिनों से सड़क पर जल भराव की स्थिति बनी हुई है। सड़क पर जल भराव होने से कई घरों की दीवारों में दरार आ गई है। आने जाने वाले राहगीरों को पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है जिस कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।कई लोगों ने प्रदर्शन कर जिला अधिकारी से समस्या के निस्तारण की मांग की है।

विकासखंड क्षेत्र के सलेमपुर मार्ग पर बीते कई माह से तालाब के बराबर में खाली पड़ी जमीन पर मिट्टी भराव का कार्य चल रहा है। मिट्टी भराव का कार्य होने से खाली पड़ी जमीन पानी से अवरफ्लो हो गई। नालों की सफाई नहीं होने के कारण पानी की निकासी नहीं हो रही है जिस कारण पानी सड़क पर आ गया है। सड़क पर जल भराव होने से सड़क तालाब में तब्दील हो गई है। जल भराव से कई घरों की दीवारों में दरार आ गई और मकान गिरने का भी खतरा बना हुआ है। कब्रिस्तान में भी गंदा पानी घुस गया और आने जाने वाले राहगीर पानी से होकर गुजर रहे हैं जिस कारण उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को अब्दुल, इस्लाम, साकिब, जुबेर, वामिक इरफान,सहित कई लोगों ने प्रदर्शन कर बताया कि रात दिन सड़क पर मिट्टी भराव का कार्य चल रहा है जिस कारण पानी की निकासी नहीं हो रही है। विकासखंड का कोई भी अधिकारी समस्या का निस्तारण नहीं कर रहा है। ग्राम प्रधान एवं विकासखंड के अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया जा चुका है मगर समस्या का हल नहीं हो रहा है। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने सोमवार को जिलाधिकारी से समस्या के निस्तारण की मांग की है। ग्राम प्रधान पति चमन सिद्दीकी का कहना है कि किसान ने अपनी जमीन का मिट्टी भराव कर लिया,जिस कारण पानी सड़क पर आ गया है।

## किशोरी घर से हुई लापता दो के विरुद्ध अभियोग दर्ज

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव से एक व्यक्ति के नाबालिग पुत्री संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पीड़ित व्यक्ति ने दो भाइयों पर उसकी पुत्री को बहला, फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए थाने पर अभियोग दर्ज कराया है पुलिस तलाश में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि उसकी 15 वर्षीय नाबालिक पुत्री विगत शनिवार को घर से गांव की ही दुकान पर सामान लेने के लिए गई थी। शाम तक भी उसकी पुत्री घर पर नहीं लौटी पीड़ित परिजनों ने अपने आसपास के स्थानों सहित रिश्तेदारियों में तलाश किया मगर उसकी नाबालिग पुत्री का कहीं भी सुराग नहीं लगा। पीड़ित ने जनपद मुजफ्फरनगर के गांव हरसोली निवासी कादिर और गुलफाम पुत्र हाकम अली पर उसकी पुत्री को बहला- फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए थाने पर दोनों आरोपी भाइयों के विरुद्ध अभियोग दर्ज कराया है।

# कैबिनेट मंत्री ए.के. शर्मा से आशुतोष ब्रह्मचारी जी महाराज की भेंट



वेलकम इंडिया

**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय कैबिनेट मंत्री नगर विकास एवं ऊर्जा विभाग ए.के. शर्मा से उनके सरकारी आवास पर श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट मथुरा के अध्यक्ष एवं श्री कृष्ण जन्मभूमि केस के मुख्यवादी माता शाकुंभरी पीठाधीश्वर आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज ने भेंट की। मुलाकात के दौरान पूज्य महाराज ने मंत्री ए.के. शर्मा को स्नेहपूर्वक आशीर्वाद प्रदान किया तथा उनके विभाग में चल रहे विकास कार्यों और भविष्य की योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु मंगलकामनाएँ दीं।बैठक में विशेष रूप से श्री माघ मेला,2026 की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा हुई। श्रीकृष्ण जन्मभूमि के विशेष शिविर की व्यवस्था,मेला क्षेत्र में आवश्यक मूलभूत सुविधाएँ, श्रद्धालुओं के सुगम प्रवास हेतु प्रस्तावित व्यवस्थाएँ तथा मेला प्रशासन से समन्वय जैसे अहम बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया।

इसके अतिरिक्त, उत्तर प्रदेश के समग्र विकास, धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने और स्थानीय प्रशासन से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी सकारात्मक एवं सारगर्भित संवाद हुआ।

# बाइक सवार दो युवकों के साथ रंजिश में मारपीट पुलिस जांच में जुटी

वेलकम इंडिया



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली निवासी एक महिला ने गांव के कई युवकों पर उसके पुत्र व एक अन्य युवक के साथ लाठी डंडों से मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है।

सोमवार को थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली निवासी महिला प्रवीन पत्नी परवेज ने बताया कि गत रविवार को उसके पुत्र प्रवेज के साथ गांव के कई युवकों ने मारपीट कर दी थी। जिसका मामला गांव के लोगों ने बैठकर निफ्टा दिया था। आरोप है कि सोमवार को उसका पुत्र प्रवेज गांव के अपने दोस्त नवाजिश के साथ बाइक पर सवार होकर किसी कार्य से कस्बे में आ रहा था।

आरोप है कि उसी रंजिश को लेकर आधा दर्जन युवकों ने पीड़िता के पुत्र सहित उसके दोस्त को रोक लिया और उसके साथ लाठी डंडों सहित लात घुसों से जमकर मारपीट की। शोर शराबा होने पर मौके पर दर्जनों ग्रामीण आ गए आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित महिला ने आरोपी आधा दर्जन युवकों के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# कार और बाइक की आमने-सामने की टक्कर,बाइक सवार घायल

वेलकम इंडिया



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** थाना क्षेत्र के बुढ़ाना मार्ग रेलवे फाटक के निकट कार और बाइक की आमने-सामने की टक्कर हो गई। बाइक सवार युवक हादसे में घायल हो गया आसपास के लोगों ने घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कार चालक कार छोड़कर फरार हो गया।

जनपद मुजफ्फरनगर निवासी नदीम पुत्र शमशाद बाइक पर सवार होकर किसी कार्य से कस्बे में आया हुआ था और सोमवार को अपना कार्य समाप्त कर वापस अपने घर जा रहा था। बाइक सवार युवक जैसे ही थाना क्षेत्र के बुढ़ाना मार्ग रेलवे फाटक के निकट पहुंचा तो विपरीत दिशा से आ रहे कार चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। बाइक सवार सड़क पर गिर कर घायल हो गया और दोनों वहान भी क्षतिग्रस्त हो गए। मौके पर दर्जनो राहगीर जमा हो गए राहगीरों ने घायल बाइक सवार युवक को उपचार के लिए नगर के एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कार चालक कार छोड़कर फरार हो गया मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## नवजात मृत्यु प्रकरण, नवजीवन हॉस्पिटल का ओटी सेक्शन सील

**कांधला।** कस्बे के जाट कॉलोनी रेलवे रोड स्थित नवजीवन हॉस्पिटल में डिलीवरी के दौरान नवजात की मौत के मामले ने तूल पकड़ लिया है। शिकायत के आधार पर सोमवार को एसीएमओ अश्वनी कुमार ने टीम के साथ अस्पताल पहुंचकर ओटी सेक्शन को सील कर दिया तथा अस्पताल संचालक को नोटिस जारी किया।नगर के मोहल्ला खेल निवासी दानिश ने चार दिन पूर्व सीएमओ शामली कार्यालय में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया था कि उसने 19 नवंबर को अपनी पत्नी फरीन को डिलीवरी हेतु नवजीवन हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। आरोप है कि अस्पताल प्रशासन की लापरवाही के चलते नवजात की मौत हुई। परिजनों का आरोप है कि नॉर्मल डिलीवरी की बात कहकर महिला का ऑपरेशन कर दिया गया और जब उन्होंने कारण पूछा तो उन्हें डराया-धमकाया गया तथा जबरन डिस्चार्ज कर दिया गया।मामले में पीड़ित दानिश ने सीएमओ अनिल कुमार से कार्रवाई की मांग की थी।

# ऑपरेशन मुक्ति अभियान: दस दुकानदारों के चालान

वेलकम इंडिया



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** बाल श्रम उन्मूलन के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति के अंतर्गत सोमवार को नगर में बाल श्रम विभाग की टीम ने व्यापक ऑपरेशन मुक्ति अभियान चलाया। अभियान के दौरान विभागीय टीम ने कस्बे में अलग-अलग क्षेत्रों में सघन छापेमारी कर बाल श्रम की रोकथाम की दिशा में कार्रवाई की।टीम ने मिठाई की दुकानों, होटल-ढाबों, मैकेनिक वर्कशॉप, स्पेयर पार्ट्स शोरूम तथा अन्य प्रतिष्ठानों पर जाकर नाबालिग बच्चों से संबंधित दस्तावेजों की जांच की।

बाल श्रम विभाग की टीम ने कई दुकानों पर नाबालिग बच्चों को कार्यरत पाया गया। इस दौरान टीम ने कार्रवाई करते हुए दस दुकानदारों के चालान काटे तथा कई नाबालिग बच्चों को श्रम से मुक्त कराया। अचानक हुई छापेमारी से व्यापारियों में हड़कंप मच गया और कई स्थानों पर अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिला। टीम में मौजूद अधिकारी व कर्मचारियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि अभियान आगे भी जारी रहेगा और बाल श्रम में संलिप्त पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर पर श्रम प्रवर्तन अधिकारी विंध्याचल शुक्ला, मुनव्वर जंग, गुलजार अंसारी, चाइल्ड लाइन से पारुल चौधरी प्रोबेशन विभाग से नीरज कुमार, थाना एएचटीयू से उपनिरक्षक उपेंद्र सिंह छापेमारी में मौजूद रहे।

# 108 एंबुलेंस सेवा बनी मरीजों की जिंदगी की लाइफलाइन



वेलकम इंडिया

**शामली। (मोहसिन रहमानी)** जनपद में संचालित सरकारी 108 एंबुलेंस सेवा इन दिनों गंभीर रूप से बीमार मरीजों के लिए किसी जीवनदायिनी वरदान से कम साबित नहीं हो रही है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित यह आपातकालीन सेवा न सिर्फ मरीज को घर से अस्पताल तक सुरक्षित पहुंचा रही है, बल्कि रास्ते में ही प्राथमिक उपचार प्रदान कर मरीज की जान बचाने में भी अहम भूमिका निभा रही है ।एंबुलेंस सेवा में तैनात प्रशिक्षित एटळ स्टाफ मरीज की स्थिति को ध्यान में रखते हुए समय रहते जरूरी प्राथमिक चिकित्सा प्रदान करता है, जिससे कई गंभीर मामलों में अस्पताल पहुंचने से पहले ही मरीज की हालत संभाली जा चुकी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कहीं भी कोई दुर्घटना, हार्ट अटैक, तेज बुखार, ब्लड प्रेशर की समस्या या अन्य आपात स्थिति मे कॉल मिलते ही 108 एंबुलेंस तुरंत मौके पर पहुंच रही है ।एंबुलेंस चालक कमल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि108 सेवा किसी भी प्रकार की इमरजेंसी–तेज बुखार, हार्ट अटैक, उच्च रक्तचाप, सांप-बिच्छू जैसे जानवरों के काटने, दुर्घटना इत्यादि में तुरंत उपलब्ध रहती है ।वहीं 102 सेवा का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं और दो वर्ष तक के नवजात शिशुओं को घर से अस्पताल तक ले जाना तथा उपचार के बाद उन्हें वापस घर पहुंचाने की निशुल्क सुविधा प्रदान करना है।

# अश्विनी वैष्णव ने बड़ौत से दो मेमू ट्रेनों (दिल्ली जंक्शन-शामली-दिल्ली जंक्शन और दिल्ली शाहदरा-शामली-दिल्ली शाहदरा) को दिखाया हरी झंडी

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह



**वाराणसी।** केंद्रीय रेल,सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव तथा केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने 24 नवम्बर 2025 को बड़ौत स्टेशन पर दिल्ली और शामली के बीच दो नई मेमू ट्रेन सेवाओं का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ कियो इस अवसर पर बागपत के सांसद राजकुमार सांगवान,पूर्व सांसद डॉक्टर सत्यपाल सिंह,विधान परिषद के सदस्य मोहित बेनीवाल,विधानसभा के सदस्य कृष्ण पाल मालिक तथा बड़ौत नगर पालिका की चेयरपर्सन बबीता तोमर की उपस्थिति रहीं।

विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए, श्री अश्विनी वैष्णव ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में भारतीय रेल यात्रियों की बेहतर सेवा के लिए लगातार प्रयास कर रही हैं दिल्ली और शामली के बीच दो नई मेमू सेवाओं के प्रारंभ होने से इस क्षेत्र के डेली पैसेंजर्स, छात्र,किसान और प्रोफेशनल्स को बेहतर मोबिलिटी का लाभ मिलेगा उन्होंने बताया कि शामली स्टेशन को ह्यअमृत भारत स्टेशन योजनाह्न के तहत 25 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक और विश्वस्तरीय बनाया जा रहा है शामली-बागपत क्षेत्र की एक लंबे समय से लंबित मांग आज दो नई मेमू ट्रेनों के उद्घाटन के साथ पूरी हो रही है ये ट्रेनें इस क्षेत्र के लोगों के लिए यात्रा को आसान बना देंगी।

श्री वैष्णव द्वारा दिल्ली-शामली खंड के दोहरीकरण की घोषणा के समय,बड़ौत स्टेशन पर उपस्थित विशाल जनसमूह ने तालियाँ बजाकर इसका स्वागत कियो मंच पर उपस्थित नेताओं ने क्षेत्र की लंबे समय से लंबित मांग को पूरा करने के लिए अश्विनी वैष्णव का आभार भी व्यक्त किया।

श्री वैष्णव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में वर्ष 2014 के बाद 5272 किलोमीटर नए ट्रैक बनाए गए हैं जो स्विट्जरलैंड के कुल रेल नेटवर्क के बराबर है। उत्तर प्रदेश में रेलवे लाइनों का शत-प्रतिशत इलेक्ट्रिफिकेशन किया जा चुका है इसके अलावा वर्ष 2014 के बाद उत्तर प्रदेश में 1460 फ्लाईओवर तथा रोड अंडर ब्रिज बनाए गए हैं यात्रियों की सुविधा के लिए विभिन्न स्टेशनों पर 154 लिफ्ट और 156 एस्केलेटर लगाए गए हैं,771 स्टेशनों पर वाईफाई की सुविधा प्रदान की गई है उत्तर प्रदेश में अभी 34 वंदे भारत एक्सप्रेस और 26 अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है।

## जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक संपन्न हुई

**बुलंदशहर।** सांसद डा० भोला सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जनपद में संचालित केन्द्रीय व राज्य स्तरीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए माननीय सांसद जी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि समिति द्वारा दिए गए निदेशों का समयांतर्गत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। विगत बैठक में दिए गए दिशा निदेशों की अनुपालन आख्या पर भी विस्तार से समीक्षा की गई। सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि जन समस्याओं का बेहतर निस्तारण सुनिश्चित किया जाये, जिससे लाभार्थीपरक योजनाओं से पात्रों को लाभन्वित किया जा सके। सांसद द्वारा केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा संचालित लाभार्थी परक योजनाओं की एक एक कर विस्तृत रूप से समीक्षा की।

# धोखाधड़ी के मामले में दंपति को मिली अग्रिम जमानत

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह





**वाराणसी ।** धोखाधड़ी कर लाखों रुपए मूल्य की चांदी हड़पने के मामले में आरोपित दंपति को कोर्ट से राहत मिल गई अपर जिला जज (त्रयोदश) सुशील खरवार की अदालत ने मंशाराम फाटक,चेतगंज निवासी आरोपित सतीश कुमार अग्रहरि व उसकी पत्नी सन्नो अग्रहरि को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए जाने की दशा में 50-50 हजार रुपए की दो जमानतें एवं बंधपत्र देने पर अग्रिम जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है अदालत में बचाव पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अनुज यादव,आनंद तिवारी पंकज,नरेश यादव व संदीप यादव ने पक्ष रखा।

अभियोजन पक्ष के अनुसार भूतभैरव,नक्खास, कोतवाली निवासी वादी उमाचरण गुप्ता ने कोतवाली थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी आरोप था कि उसने अपने परिचित सतीश कुमार अग्रहरी को 3 किलो 46 ग्राम पक्की चांदी व्यापार में बढ़ोत्तरी के लिये दिया थो सतीश कुमार अग्रहरी द्वारा कहा गया कि प्रार्थी को एक वर्ष बाद 3 किलो 46 ग्राम चांदी सतीश कुमार वापस कर देगा,लेकिन सतीश कुमार द्वारा प्रार्थी की चांदी वापस नहीं की जा रही है और मांगने पर उल्टे प्रार्थी को ही फर्जी मुकदमें में फंसा देने की धमकी दिया जा रहा है इस बीच जब प्रार्थी 30 मार्च 2025 को अपनी बकाया चांदी 3 किलो 46 ग्राम मांगने सतीश के घर पर गया तो सतीश के साथ उसके भाई अमित अग्रहरी व सतीश की पत्नी सन्नो अग्रहरी भी घर के बाहर आ गये और प्रार्थी को गाली गलौज देने लगे और कहने लगे कि अपना पैसा भूल जाओं नहीं तो तुमको फर्जी मुकदमें में फंसाकर जेल भेजवा देंगे।

सतीश कुमार ने प्रार्थी का चांदी हड़प लिया है जिससे प्रार्थी अत्यन्त आर्थिक संकट में पड़ गया है उपरोक्त लोग प्रार्थी का दिया गया चांदी वापस नहीं कर रहे है।

# चौक पुलिस ने मानसिक रुप से विक्षिप्त गुमशुदा महिला को उनके परिजनों को किया सुपुर्द



वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह

**वाराणसी ।** पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम तथा चोरी,लूट व धोखाधड़ी की घटनाओं के सफल अनावरण एवं गुमशुदा व्यक्तियों, वस्तुओं की बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपायुक्त काशी जोन कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देशन में अपर पुलिस उपायुक्त,काशी जोन के पर्यवेक्षण में अपर पुलिस उपायुक्त,महिला अपराध कमिश्नरेट वाराणसी तथा सहायक पुलिस आयुक्त दशाश्वमेध के कुशल नेतृत्व में 24 नवम्बर 2025 को मानसिक रुप से बीमार महिला सुबह करीब सात बजे अपने घर से बिना बताये कहीं चली गयी थी एवं पियरी स्थित हीरापुरा मे भटक रही थी जिन्हे छोटी पियरी थाना चौक कमिशनरेट वाराणसी की एक महिला द्वारा थाना चौक पर लाकर सुपुर्द किया गयो गुमशुदा महिला से पूछताछ करके नाम व पता जानकर परिजनों से सम्पर्क कर थाना चौक पर बुलाया गया व गुमशुदा महिला को उनके परिजनों को सकुशल सुपुर्द किया गया अपने परिजनों से मिलकर महिला बहुत खुश हुई व महिला के परिजनों के द्वारा वाराणसी पुलिस की भूरि -भूरि प्रशंसा की गई। घटना के संबंध में पुलिस के द्वारा बताया गया की 24 नवम्बर 2025 को मानसिक रुप से बीमार महिला आरती यादव पुत्री लक्ष्मण यादव निवासी ए 13/125 ए घसियारी टोला थाना आदमपुर कमिशनरेट वाराणसी जो सुबह अपने घर से बिना बताये कहीं चली गयी थी एवं पियरी स्थित हीरापुरा मे भटक रही थी जिन्हे छोटी पियरी थाना चौक कमिशनरेट वाराणसी की एक महिला द्वारा थाना चौक पर लाकर सुपुर्द किया गया। गुमशुदा महिला से पूछताछ करके नाम व पता जानकर परिजनों से सम्पर्क कर थाना चौक पर बुलाया गया व गुमशुदा महिला को उनके परिजनों को सकुशल सुपुर्द किया गया। गुमशुदा महिला को उनके परिजनों को सुपुर्द करने वाली पुलिस टीम में दिलीप कुमार मिश्रा प्रभारी निरीक्षक थाना चौक,महिला उप निरीक्षक मानसी वर्मा थाना चौक, महिला उप निरीक्षक मुन्नी कुमारी चौक कमिश्नरेट वाराणसी पुलिस शामिल रहीं।

## बॉलीवुड में शोक की लहर

# धर्मेंद्र के निधन पर अभिनेता राजपाल यादव और मिसेज एशिया विजयता सचदेवा ने व्यक्त की गहरी संवेदना

वेलकम इंडिया/सनी कुमार केसरवानी





**प्रयागराज।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता और लाखों दिलों की धड़कन रहे धर्मेंद्र जी के निधन की खबर से पूरे फिल्म उद्योग में गहरा शोक फैल गया है। भारतीय सिनेमा की स्वर्णिम पहचान माने जाने वाले धर्मेंद्र जी सिर्फ एक महान कलाकार ही नहीं, बल्कि अपनी विनम्रता, सरलता और स्नेहिल स्वभाव से सभी के चहेते थे।

आज पूरी इंडस्ट्री ने ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया ने एक अनमोल रत्न खो दिया, बॉलीवुड अभिनेता राजपाल यादव ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा। उन्होंने आगे कहा कि शतकों तक धर्मेंद्र जी ने न केवल अपनी कला से, बल्कि अपने प्रेम, गरिमा और विनम्र व्यक्तित्व से सबका दिल जीता है।

राजपाल यादव ने भावुक होकर कहा, धर्म पापाजी की उपस्थिति ही हम सबके लिए शक्ति का स्तंभ थी। उनका सफर भले ही थम गया हो, लेकिन उनका दिया हुआ प्यार और मनुष्यता सदियों तक गूंजती रहेगी। आज हमने अपना सबसे मजबूत आधार खो दिया। ईश्वर उन्हें अपने चरणों में स्थान दें। रेस्ट इन पीस, धर्म पापाजी।

इसी बीच, मिसेज एशिया विजयता सचदेवा ने भी धर्मेंद्र जी को याद करते हुए कहा, धर्मेंद्र जी भारतीय सिनेमा की आत्मा थे। शोले, चुपके चुपके, सीता और गीता, धरम वीर, कटी पतंग जैसी फिल्मों ने उन्हें अमर कर दिया है। उनका जाना हमारे लिए व्यक्तिगत क्षति है। ऐसे महान कलाकार और उससे भी महान इंसान बार-बार जन्म नहीं लेते। धर्मेंद्र जी की लोकप्रियता सिर्फ उनके स्टारडम पर नहीं, बल्कि उस सम्मान और प्रेम पर टिकी थी जो उन्होंने एक इंसान के रूप में कमाया था। पूरी फिल्म इंडस्ट्री शोक में डूबी है और हर कोई इस अपूरणीय क्षति को महसूस कर रहा है।

भारतीय सिनेमा का यह चमकता सितारा भले ही अस्त हो गया हो, लेकिन उनकी यादें, उनका योगदान और उनका मानवीय स्वभाव हमेशा करोड़ों दिलों में जीवित रहेगा।

# विद्यालय में बच्चों को ड्रेस वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर।** दानपुर ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय नगला पुठेरा में ड्रेस वितरण कार्यक्रम मंडी समिति के कर्मचारी जयप्रकाश के सहयोग से प्रधानाध्यापक राजेश गोस्वामी द्वारा आयोजित किया गया जिसके मुख्य अतिथि अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के मंडल अध्यक्ष मेरठ ज्ञानेंद्र सिंह राघव व विशिष्ट अतिथि महासचिव प्रदीप राघव, रविंद्र लोधी रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत अध्यापक रामकुमार ने की कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने मां सरस्वती को पुष्प अर्पित व दीप प्रचलित कर की उन्होंने विद्यालय के छात्र-छात्राओं को जर्सी व कैप वितरण करते हुए कार्यक्रम को संबोधित कर उपस्थित अभिभावकों और बच्चों से कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग की योजनाओं के साथ-साथ प्रधानाध्यापक द्वारा सहयोग से कराए जा रहे जर्सी वितरण कार्यक्रम व अन्य कार्यक्रमों में सराहना करते हुए सभी समर्थ लोगों से ऐसे पुनीत कार्य में आगे आने के साथ-साथ आर्थिक रूप से कमजोर अभिभावकों के बच्चों को शिक्षा और संस्कार के साथ-साथ व्यवस्थाओं में सहयोग करने का आवाह्न किया।

# शहर में विकास की धारा लगातार प्रवाहित होती रहेगी: महापौर



वेलकम इंडिया

**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार व नगर विधायक राजीव गुबर ने आज महानगर के वार्ड संख्या 6 में 50 लाख रूपए की लागत से निर्मित होने वाली एक सड़क एवं नाले के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इसके अलावा वार्ड संख्या 34 में एक सड़क तथा वार्ड संख्या 40 में दो सड़कों का निर्माण पूरा होने पर उनका भी लोकार्पण किया गया। महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नाई व क्षेत्रीय पार्षद राजेंद्र सिंह कोहली भी मौजूद रहे।

महानगर में विकास कार्यो को गति देते हुए आज महापौर डॉ. अजय कुमार व विधायक राजीव गुंबर ने जहां वार्ड 6 में एल्पाइन पब्लिक स्कूल वाली गली में सड़क निर्माण व नाला निर्माण का सड़क पर गेंती चलाकर शुभारंभ किया। वहीं वार्ड संख्या 40 में गुरुद्वारा रोड पर माधोप्रसाद गली रेलवे रोड स्थित अनंत बिल्डिंग वाली गली में दो सड़कों का निर्माण कार्य पूरा होने पर शिलापट का अनावरण करते हुए महापौर व नगर विधायक ने दोनों सड़कों का लोकार्पण किया। वार्ड 34 में भी एक सड़क का लोकार्पण किया गया। इससे पूर्व क्षेत्र के लोगों ने महापौर व नगर विधायक का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

महापौर डॉ. अजय कुमार ने कहा कि योगी सरकार में महानगर में रिकॉर्ड विकास कार्य हुए है।

# बिहार का लाल मास्टर घनश्याम शर्मा ने राज्य अंतर-जिला स्कूल पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में किया शानदार प्रदर्शन

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह



**वाराणसी ।** बठिंडा में आयोजित 69वीं पंजाब राज्य अंतर-जिला स्कूल पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता 2025-26 में प्यारेपुर सरमेरा नालंदा बिहार के निवासी मास्टर घनश्याम शर्मा पौत्र राजीव रंजन कुमार,पिता संजीव कुमार शर्मा की जीत पर उनके परिवार और समुदाय में खुशी की लहर है उन्होंने 17 वर्ष आयु वर्ग और 83 किलो वेट कटेगरी में स्क्वाट,बेंच प्रेस और डेडलिफ्ट में शानदार प्रदर्शन करके स्वर्ण पदक जीतो घनश्याम का सपना है कि वो अपने वेट कटेगरी में एक नया रिकॉर्ड बनाए और स्कूल,घर परिवार,गांव,जिला,राज्य के साथ देश का भी मान बढ़ाए उनकी इस जीत से उनके परिवार और समुदाय को उन पर गर्व है और वे उनकी आगे की सफलता के लिए शुभकामनाएं देते हैं।

घनश्याम की इस जीत से यह भी साबित होता है कि मेहनत और समर्पण से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है हमें उम्मीद है कि घनश्याम आगे भी इसी तरह मेहनत करते रहेंगे और देश का नाम रोशन करेंगे स्टेट लेवल 69वीं पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन 17-19 आयु वर्ग का आयोजन बठिंडा में हुआ जिसमें मास्टर घनश्याम शर्मा आर्मी स्कूल पटियाला ने 17 किलो आयु वर्ग और 83 किलो वजन केटेगरी में पटियाला जिले की तरफ से खेला और उन्होंने क्रमशः स्क्वाट में 140 केजी,बेंच प्रेस में 95 किलो और डेड लिफ्ट में 205 किलो भार उठाकर स्टेट लेवल पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करके अपनी वर्ग में गोल्ड अपने नाम कियो गोल्ड की उद्घोषणा होते ही घनश्याम शर्मा के साथ आए सभी बच्चे,कोच,उनके परिवार के सभी सदस्य में हर्ष की लहर दौड़ गई।

आपको बताते चलें कि घनश्याम ने पटियाला में आयोजित डिस्ट्रिक्ट लेवल चैंपियन शिप में 410 किलो भार उठा के स्टेट के लिए क्वालीफाई किया थो स्टेट में उन्होंने 440 किलो भार उठा के गोल्ड अपने नाम किया और पटियाला जिले के साथ-साथ अपने स्कूल,परिवार और गांव के साथ- साथ पूरे राज्य का नाम भी रोशन किया।

# सपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा ने अपने परिजनो का एस आई आर फार्म भरवाकर दिया संदेश



**वाराणसी ।** आगामी विधान सभा चुनाव को लेकर सपा अब गंभीर होकर अपने कार्यकर्ताओ के नट बोल्ट कसना शुरू कर दिया हैं एसआईआर को लेकर सपा प्रमुख ने साफ कड़े निर्देश लखनऊ मे देने से कार्यकर्ताओ मे हलचल मच गई है उसका नतीजा है कि सपाई अब एसआईआर को लेकर गंभीर हैं सपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा ?विश्वकर्मा? रविवार को अपने मतदान केंद्र पर पहुंचकर अपने सम्पूर्ण परिवार सहित सभी सदस्यो को एसआईआर फार्म भरवाकर बीएलओ को उपलब्ध कराया। सपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा ?विश्वकर्मा? ने कहा कि लोक तंत्र मजबूत बनाने के लिए एवं वोट को चोरी से बचाने के लिए प्रथम चरण मे एसआईआर फार्म परिवार के सभी पात्र लोगो का भरकर जमा किया उन्होने कहा कि द्तीय चरण मे एसआईआर फार्म मुहल्ले वार कैम्प लगाकर किया जायेगा उन्होने एस आई आर फार्म को अवश्य भरने का अपील करते हुए स्वय अपने सम्पूर्ण परिवार का एसआईआर फार्म भरकर संदेश दिया ।

# आइडियल पब्लिक स्कूल मे साइंस एक्जीविशन का आयोजन छात्रों द्वारा बनाये गये माडल कों लोगो ने खूब सराहा

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह




**वाराणसी ।** आइडियल पब्लिक स्कूल चांदपुर में साइंस एक्जीविशन का किया गया आयोजन काशी विद्यापीठ पत्रकारिता विभाग के प्रोफेसर प्रभाशंकर मिश्रा ने कहा कि आइडियल पब्लिक स्कूल चांदपुर मे आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी मे छात्रों के द्वारा बनाये गये माडल कल के आत्म निर्भर भारत की तस्वीर हैं विशिष्ट अतिथि हड्डी रोग विशेषज्ञ एवम सर्जन डाक्टर आनंद उपाध्याय ने कहा कि आज के ये बच्चे भविष्य की जरूरत के हिसाब से माडल बनाकर विकसित देश एवम विकसित समाज के निर्माण मे महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकते है ।

मुख्य अतिथि काशी विद्यापीठ पत्रकारिता विभाग के प्रोफेसर प्रभाशंकर मिश्रा एवम विशिष्ट अतिथि हड्डी रोग विशेषज्ञ एवम सर्जन डाक्टर आनंद उपाध्याय ने चांदपुर इंडस्ट्रियल स्टेट स्थित आइडियल पब्लिक स्कूल में आयोजित साइंस एक्जीविशन कार्यक्रम का उद्घाटन फीता काटकर किया तत्पश्चात काशी विद्यापीठ पत्रकारिता विभाग के प्रोफेसर प्रभाशंकर मिश्रा एवम विशिष्ट अतिथि हड्डी रोग विशेषज्ञ एवम सर्जन डाक्टर आनंद उपाध्याय के साथ अतिथि गणों ने कक्षा चार से लेकर आठ तक के बच्चों द्वारा बनाये गये माडल आदित्य एल वन सूर्ययान,वर्किंग माडल आफ ह्यूमन सकुर्लेटरी सिस्टम,ए आई बेस्ड रोबोट,अर्थ क्विक सेंसर माडल, वर्किंग माडल आफ वाटर साइकल,वर्किंग माडल आफ सोलर सिस्टम,वर्किंग माडल आफ लंग्स,रेन सेंसर माडल, होलोग्राम औ? वर्किंग माडल आफ फोटो सिंथेसिस,वर्किंग माडल आफ ह्यूमन बाडी सिस्टम का विधिवत अवलोकन किया तथा प्रोजेक्ट से संबंधित बच्चों से बातचीत करके उत्साह वर्धन किया।

ए आई बेस्ड रोबोट,सूर्ययान,रेन सेंसर माडल ह्यूमन बाडी सिस्टम वर्किंग माडल आफ लंग्स की मुख्य अतिथि ,विशिष्ट अतिथि के साथ अतिथिगणों ने खूब सराहना किया अतिथियों का स्वागत विद्यालय के प्रबंध निदेशक संजय चौबे ने किया,कार्यक्रम का संचालन सृष्टि चौबे ने किया,धन्यवाद ज्ञापन आशा चौबे ने किया।

# 25 नवंबर को बंद रहेंगी सलाटर हाउस व मीट की दुकानें

वेलकम इंडिया

**सहारनपुर।** कल 25 नवंबर मंगलवार को साुध टी एल वासवानी के जन्म दिन पर सहारनपुर महानगर में सभी सलाटर हाउस व मीट की दुकानें बंद रहेंगी। प्रदेश शासन के निर्देश पर निगम के प्शु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा ने इस सम्बंध में आज निर्देश जारी किये गए हैं।

नगर निगम के पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा ने बताया कि प्रदेश शासन ने साधु टी एल वासवानी के जन्म दिन को मांस रहित दिवस घोषित करते हुए सभी पशुवधशालाएं व मीट की दुकानें बंद रखने के निर्देश दिए हैं। शासन के इन्हीं निदेशों के क्रम में कल मंगलवार 25 नवंबर को नगर निगम सीमांतर्गत समस्त पशु व धशालाएं मांस, मछली व मुर्गा आदि की दुकानें अनिवार्य रुप से बंद रहेंगी।

डॉ. मिश्रा ने कहा कि शासन के निदेशों का कड़ाई से पालन किया जायेगा। यदि कोई भी पशु वधशाला, मांस, मुर्गा व मछली की दुकान खुली पायी गयी तो दोषी वधिकों व दुकानदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

# गुफा मंदिर लोकार्पण एवं भगवान महोत्सव में मुख्यमंत्री मुख्य अतिथि के रूप में तरुणसागर तीर्थ धाम पधारेंगे

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज के पावन सान्निध्य और मुनि श्री पीयूष सागर जी महाराज के निर्देशन में तरुणसागर तीर्थ धाम, मुरादनगर में भगवान महोत्सव का आयोजन दिनांक 26 से 30 नवंबर 2025 तक किया जा रहा है। इस महोत्सव की विशेष आध्यात्मिक उपलब्धि के रूप में मात्र 100 दिनों में निर्मित भव्य ह्लगुफा मंदिर ह्व का लोकार्पण 27 नवंबर 2025 को संपन्न होगा। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्य अतिथि के रूप में तरुणसागर तीर्थ धाम पधारेंगे। उनके आगमन से यह ऐतिहासिक आयोजन और भी गरिमामय एवं प्रेरणादायी रूप लेगा। धर्म, संस्कृति और राष्ट्रसेवा के प्रति उनकी अटूट निष्ठा इस पावन कार्यक्रम की भावना से पूर्णतः मेल खाती है।

यह तीर्थ केवल श्रद्धा का स्थल नहीं, बल्कि समाज उत्थान और आध्यात्मिक जागरण का केंद्र बन चुका है। क्रांतिकारी संत परम पूज्य आचार्य श्री तरुण सागर जी महाराज की समाधि स्थली तरुणसागर तीर्थ धाम, मुरादनगर (गाजियाबाद) इन दिनों भक्ति, तप और आध्यात्मिक उल्लास से आलोकित है। अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज जैन जगत के ऐसे अद्भुत साधक हैं जिन्होंने अपने जीवन में उपवास और तप का एक अलौकिक इतिहास रचा है। उन्होंने सम्मेद शिखर की उतंग पहाड़ी पर जैन परंपरा की सर्वोच्च साधना सिंह निष्कीड़ित व्रत साधना संपन्न की, जिसमें उन्होंने 557 दिन तक अखंड मौन एकांतवास किया और मात्र 61 दिन ही आहार ग्रहण किया। उनकी यह विलक्षण साधना उन्हें वर्तमान युग के महावीर स्वरूप संत के रूप में प्रतिष्ठित करती है। गुरुदेव ने अपने साधनापथ को समाजसेवा से जोड़ा उन्होंने अपने संत जीवन में 1,30,000 किलोमीटर की ह्ल अहिंसा संस्कार पदयात्राह्व संपन्न की, जो केवल एक यात्रा नहीं बल्कि मानवता, नैतिकता और जीवन मूल्यों के पुनर्जागरण की साधना रही। इस पदयात्रा के माध्यम से उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, गौसेवा और नैतिक जागरण के क्षेत्रों में अमूल्य योगदान दिया तथा समाज में नई चेतना का संचार किया।उनके कार्यों की वैश्विक स्तर पर सराहना हुई है उन्हें वियतनाम विश्वविद्यालय व गुजरात की स्वर्णिम विश्वविद्यालय द्वारा मानद डॉक्टरेट की उपाधि तथा ब्रिटिश पार्लियामेंट द्वारा ह्लभारत गौरव अवार्ड से सम्मानित किया गया है। आचार्य श्री का जीवन संदेश समस्त मानवता के लिए प्रेरक हैह्ल जहां अहिंसा है, वहीं संस्कार हैं; और जहां संस्कार हैं, वहीं सच्चा मानव उत्थान है।ह्वइस पावन अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा गुफा मंदिर का लोकार्पण न केवल एक धार्मिक आयोजन होगा, बल्कि यह आध्यात्मिकता, समाजसेवा और राष्ट्र चेतना के संगम का प्रतीक बनकर आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देगा। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से सुनील जैन नमीजी जैन दीपेश जैन अरुण जैन संजय जैन अजयजी जैन उपस्थित रहे।

# शिक्षक पदयात्रियों का प्रधानाचार्य विनोद शर्मा ने स्वागत किया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** पुरानी पेंशन की मांग को लेकर शिक्षकों का एक समूह अटेवा संगठन के नेतृत्व में सुबह 11 बजे शहीद स्मारक मेरठ से पदयात्रा शुरू की।शाम 6 बजे यह पद ?यात्रा श्री हंस इण्टर कालेज मुरादनगर में पहुंची। विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार शर्मा ने पुष्प माला द्वारा पदयात्रियों का स्वागत किया। जिसमें विद्यालय के अन्य अध्यापक एनसीसी ऑफिसर डॉ० अमित कुमार, अखलेश कुमार, रामकुमार ,शेषप्रताप, सुमित कुमार, दिनेश बाबू भी स्वागत टीम में शामिल हुए। अटेवा संगठन की मुख्य माँग पुरानी पेंशन योजना है। स्थान-स्थान पर सम्मानित अध्यापको का पुष्प माला द्वारा स्वागत किया गया। यह पदयात्रा 25 नवंबर 2025 को जंतर मंतर नई दिल्ली में संपन्न होगी। तथा पद ?यात्रा में श्री कवीन्द्र खगरी (मंडल महामंत्री अटेवा विजय कुमार (जिला प्रचार मंत्री अटेवा), महेन्द्र यादव जी, जयभगवान यादव, सतीश कुमार शर्मा एमडीए मेरठ, कपिल शर्मा (जिला प्रवक्ता अटेवा), मुनीराम सिंह (जिला अध्यक्ष अटेवा, संजय तोमर (वरिष्ट उपाध्यक्ष अटेवा, नरेन्ड पाल सिंह, राणा प्रताप सिंह, प्रमोद कुमार, अनिल कुमार , तनिश , राहुल कुशवाहा,हनी , वैभव आदि उपस्थित रहे।

# एसडीजीआई ग्लोबल विश्वविद्यालय में आयोजित हुआ पिंपरी-चिंचवड़ विश्वविद्यालय, पुणे के छात्रों का समृद्ध शैक्षणिक दौरा



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** डासना स्थित एसडीजीआई ग्लोबल विश्वविद्यालय के विधि एवं कानूनी अध्ययन विद्यालय में 17 नवंबर को पिंपरी-चिंचवड़ विश्वविद्यालय, पुणे के 23 कानून विद्यार्थियों का एक विशेष शैक्षणिक दौरा आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य दोनों विश्वविद्यालयों के छात्रों को एक साझा मंच प्रदान करना था, जहां वे न केवल शैक्षणिक आदान-प्रदान कर सकें, बल्कि एक-दूसरे की संस्कृति, अनुभव और ज्ञान से भी लाभान्वित हो सकें। कार्यक्रम का संचालन विधि एवं कानूनी अध्ययन विद्यालय के निदेशक प्रो. डॉ. हेमंत कुमार शर्मा और सहायक प्राध्यापिका सुश्री इस्मत हेना के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत परंपरागत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके बाद प्रो. शर्मा ने स्वागत संबोधन में दो शैक्षणिक संस्थानों के बीच सहयोग, संवाद और दीर्घकालिक संबंधों की आवश्यकता पर जोर दिया। पिंपरी-चिंचवड़ विश्वविद्यालय से आए विद्यार्थियों का सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया, जिसने इस शैक्षणिक मिलन को और अधिक औपचारिक और स्मरणीय बना दिया। इसके पश्चात कानूनी ज्ञान पर आधारित प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें दोनों विश्वविद्यालयों के छात्रों को मिलाकर मिश्रित टीमें बनाई गईं। इस पहल ने न सिर्फ टीम भावना को बढ़ावा दिया, बल्कि छात्रों की कानूनी समझ और विश्लेषण क्षमता को भी मजबूत किया। प्रतियोगिता के दौरान छात्रों ने उत्साह एवं गंभीरता के साथ भागीदारी की। सांस्कृतिक सत्र कार्यक्रम का अत्यंत आकर्षक हिस्सा रहा, जिसमें छात्रों ने अपनी-अपनी क्षेत्रीय भाषाओं में गीत, संगीत और नृत्य प्रस्तुत किए। इसने न केवल सांस्कृतिक विविधता को उजागर किया।

# पूर्व सभासद की मौत के मामले में परिजनों ने प्रदर्शन कर कार्रवाई की मांग की

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** नगर पालिका परिषद के पूर्व सभासद लोकेश डोढ़ी की मौत के मामले में परिजनों ने तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन कर कार्रवाई की मांग की है। परिजनों का आरोप है कि पुलिस मामले को गंभीरता से नहीं ले रही है। गोविंदपुरी निवासी लोकेश डोढ़ी नगरपालिका के पूर्व सभासद थे। वर्तमान में उनकी बहन सभासद है। लोकेश सात दिन पहले गाजियाबाद कोर्ट बाइक से लौट रहे थे। मुरादनगर में बस स्टैंड के निकट पहुंचे तो पीछे से आ रहे कैंटर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में उनकी मौत हो गई। मुरादनगर पुलिस ने सड़क हादसे में मौत की धारा में केस दर्ज किया। लेकिन अब तक आरोपी नहीं ढूंढ पाई है। गुस्साए परिजन सोमवार को तहसील पहुंचे और प्रदर्शन किया। लोकेश की बहन ने कहा कि पुलिस मामले में लापरवाही बरत रही है। अभी तक उन्हें पोस्टमार्टम रिपोर्ट तक नहीं दी गई है। इतना ही नहीं, घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज तक उपलब्ध नहीं कराई गई है। ऐसे में उन्हें अंदेशा है कि किसी षडयंत्र के तहत यह घटना हुई है। जिसे पुलिस दबाने में जुटी है। उन्होंने सहायक पुलिस आयुक्त कार्यालय में शिकायती पत्र दिया। जल्द कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।



# दीनबंधु सर छोटूराम पुष्पांजलि अर्पित की गई




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** दीनबंधु सर छोटूराम जी की जयंती पर भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम के मुख्य कार्यालय सेक्टर 23 गाजियाबाद पर हवन कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। जिसमें मुख्य रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद चौधरी, राष्ट्रीय महासचिव अजय प्रमुख, राष्ट्रीय सचिव धर्मेंद्र चौधरी, राष्ट्रीय सचिव सोनवीर खुटैल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सोमवीर सोनू, जिला अध्यक्ष गाजियाबाद रणवीर प्रधान, युवा के जिला अध्यक्ष विपिन चौधरी, हरनाम भाई, मीडिया प्रवक्ता रविंद्र त्यागी आदि सैकड़ो की संख्या में लोगों की उपस्थिति रही। हम सर छोटूराम जी और उनके महान योगदान का अभिवादन करते हैं और उनकी विरासत को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित होते हैं।

# हिंदू राष्ट्र का सपना साकार करने के लिए भावी पीढ़ी को संस्कारवान बनाएं: पं0 अशोक शास्त्री

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** हिंदू राष्ट्र की कल्पना करने से ही हिंदू राष्ट्र नहीं बन पाएगा, हिंदू राष्ट्र का सपना साकार करने के लिए हम सभी हिंदूत्व की भावना जागृत करें तथा भावी पीढ़ी को उत्तम संस्कारवान बनाना जरूरी है। पहले हम स्वयं हिंदुत्व की भावना जागृत करें तब अपने बच्चों में हिंदुत्व का भाव पैदा करें।

ये उद्गार श्रीराम नाम सत्संग सेवा न्याय ढिंढाला (मेरठ) के संस्थापक एवं आध्यात्मिक गुरू पं0 अशोक शास्त्री ने यहां एक कालोनी निवासी विरेंद्र जैन के आवास पर आयोजित सत्संग कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालु श्रोता समुदाय के समक्ष धर्मप्रवचन करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी में संस्कारों व हिंदुत्व की भावना का अभाव दुर्भाग्यपूर्ण एवं चिंतनीय है। इसके लिए अभिभावक व समाज भी जिम्मेदार है। हिंदुत्व राष्ट्र के निर्माण के लिए भावी पीढ़ी में हिंदुत्व की प्राचीन गौरवमयी संस्कृति एवं प्राचीन मानवीय मूल्यों से अवगत कराना तथा उन्हें अपने साथ सत्संग अन्य धार्मिक आयोजनों में ले जाना चाहिए। इस अवसर पर देवेंद्र गर्ग, पंकज अग्रवाल, पराग जैन, दीपक दारूवाला, प्रदीप वार्ष्णेय, विमल कुमार, ज्योति जैन, नीतू, विशाल अग्रवाल, नताशा उर्फ निक्की गोयल, पूजा दारूका, श्रीकांत शर्मा सहित अन्य श्रद्धालु पर्याप्त संख्या में मौजूद थे।

# आई.टी.एस डेंटल कॉलेज में मनाया गया भव्य बाल दिवस सप्ताह, 3000 से अधिक बच्चों ने लिया हिस्सा



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** दिल्ली मेरठ रोड़ स्थित आई.टी.एस डेंटल कॉलेज में इस वर्ष बाल दिवस सप्ताह को अत्यंत धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर हर वर्ष 14 नवंबर को मनाए जाने वाले बाल दिवस के अंतर्गत, पीडियाट्रिक एंड प्रिवेंटिव डेंटिस्ट्री विभाग द्वारा 17 नवंबर से 24 नवंबर 2025 तक विशेष बाल दिवस सप्ताह आयोजित किया गया। इस आयोजन ने न केवल बच्चों को दंत स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया, बल्कि उन्हें मनोरंजन, ज्ञान और रचनात्मकता के कई अवसर भी प्रदान किए। इस सप्ताह भर चलने वाले आयोजन में 40 से अधिक स्कूलों के 3000 से ज्यादा बच्चों तथा 100 से अधिक शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी बच्चों का मुफ्त ओरल चेकअप किया गया और उनके दांतों को स्वस्थ रखने के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। दंत चिकित्सकों ने बच्चों को यह भी बताया कि किस प्रकार नियमित ब्रशिंग, सही खान-पान और मौखिक स्वच्छता से दांतों को लंबे समय तक सुरक्षित रखा जा सकता है। सप्ताह के दौरान कॉलेज कैंपस में बच्चों के लिए अनेक आकर्षक और शिक्षाप्रद गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनमें नुक्कड़ नाटक, डीआईवाई हैंडक्राफ्ट, ग्लास पेंटिंग, रील मेकिंग, डेंटल क्विज और टेबल क्लीनिक शामिल थे। इन गतिविधियों ने बच्चों में न केवल उत्साह बढ़ाया, बल्कि दंत स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण संदेश भी मनोरंजक तरीके से दिए।

# मतदान का अधिकार लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है : वरुण शर्मा

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद:(सुमित सोरेन)** मतदान का अधिकार ही लोकतंत्र में हमारी सबसे बड़ी ताकत है और हमें इसका प्रयोग अवश्य करना चाहिए ऐसा कहना है कौशांबी निवासी और युवा भाजपा कार्यकर्ता वरुण शर्मा का। मतदान का अधिकार सभी में एक समानता का भाव लेकर आता है। चाहे अमीर हो गरीब हो कोई भी भाषा बोलता या किसी भी धर्म को मानने वाला व्यक्ति हो लोकतंत्र में सबके मतदान का एक समान महत्व होता है।

अभी वर्तमान में चल रहे गहन मतदाता निरीक्षण अभियान में वार्ड 72 विशेष कर कौशांबी क्षेत्र मैं सबसे ज्यादा सक्रिय रहने वाले और सभी बीएलओ के साथ समन्वय बनाकर अधिक से अधिक फॉर्म भरे जाएं ऐसा सुनिश्चित करने वाले वरुण शर्मा का कहना है क्षेत्र के मतदाता बेहद जागरूक है और अपने मतदान के अधिकार को किसी भी हाल में खोना नहीं चाहते हैं इसीलिए हमें क्षेत्र से बेहद अच्छा सहयोग मिल रहा है। ज्यादातर टॉवर्स में फहअ के प्रतिनिधि बेहद सहयोग कर रहे हैं मानो सब में आपस में एक बड़ी अच्छी प्रतिस्पर्धा है की कौन सा टावर अपने अधिक से अधिक मतदाता रजिस्ट्रेशन करवाता है। एक विशेष अनुभव का जिक्र करते हुए वरुण शर्मा ने बताया की कैलाश टॉवर में रहने वाले आनंदोय चकलधर्विशेष रूप से दुगार्पुर पश्चिम बंगाल से अपने और परिवार के फॉर्म भरने के लिए आये जिससे की वो बाकियो को भी इस काम के लिए प्रेरित कर सके। वरुण शर्मा ने इस अभियान मे सहयोग करने के लिए अशोक परवाल, केवल सेठी, लक्ष्मीकांत चानना,डॉ आचार्या कृति शर्मा, प्रभा सिंह, भाजपा मंडल मंत्री कामिनी भदौरिया, महिला मोर्चा उपाध्यक्ष पूजा मेहरा, सुधीर शर्मा, विवेक,रघुवर दत्त भट्ट का धन्यवाद करते हुए उनके सहयोग को एक बड़ी राष्ट्र सेवा बताया। कौशांबी वासियों ने भी इस अति महत्वपूर्ण अभियान में वरुण शर्मा की भूमिका को बेहद सराहा और बताया की किस तरह वो हमेशा ही राष्ट्र और संगठन के काम के लिए सबसे पहले आगे आते हैं और प्रभावी काम करके दिखाते हैं।



# जिलाधिकारी ने ठंड एवं शीत लहर को लेकर की ऑनलाइन समीक्षा बैठक

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में सोमवार को अत्यधिक ठंड और शीत लहर से उत्पन्न समस्याओं को लेकर एक व्यापक ऑनलाइन समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक जूम के माध्यम से संपन्न हुई जिसमें जनपद के सभी वरिष्ठ अधिकारी और विभाग प्रमुख उपस्थित रहे।

बैठक में रैन बसेरों और शेल्टर होमों की तैयारी, ठंड से बचाव के उपाय और कमजोर वर्ग के लोगों तक राहत पहुँचाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनपद के सभी रैन बसेरे और शेल्टर होम पूरी तरह से चाक-चौबंद किए जाएँ। इन जगहों पर ठंड से बचाव के लिए गद्दे, कंबल, स्वच्छ पेयजल, शौचालय और किचन की व्यवस्था निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा रैन बसेरों के आसपास अलाव जलाने की भी व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को सड़क या फुटपाथ पर सोने के लिए बाध्य नहीं होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को हर चौराहे का निरीक्षण करने और गरीबों तथा जरूरतमंदों के लिए कंबल और रैन बसेरों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ठंड के मौसम में बीमारियों से बचाव के लिए जिला सर्विलांस अधिकारी और स्वास्थ्य विभाग को अस्पतालों में आवश्यक व्यवस्थाएँ करने के निर्देश दिए गए। साथ ही पशु पालन विभाग को गौशालाओं में रहने वाले पशुओं को ठंड से बचाव हेतु विशेष उपाय सुनिश्चित करने के लिए कहा गया। सहायक नगर आयुक्त, नगर निगम गाजियाबाद को रैन बसेरों में आवश्यक सुविधाओं के साथ ठंड से बचाव हेतु प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने आरटीओ और जिला गन्ना अधिकारी को ट्रेक्टर-ट्राली, ट्रक और अन्य वाहनों पर रेडियम पट्टी लगाने के लिए भी निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि संबंधित अधिकारियों को रैन बसेरों/शेल्टर होम में तैनात केयर टेकर का नाम, पदनाम, मोबाइल नंबर और अलाव जलाने के लिए चिन्हित स्थानों की सूची जिला आपदा विशेषज्ञ को यथाशीघ्र उपलब्ध करानी होगी। किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शीत लहर एवं ठंड से बचाव कार्यक्रमों का जनपद में व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित किया जाए, ताकि सभी जरूरतमंदों तक राहत और बचाव के कार्यक्रम पहुँच सके। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), जिला सर्विलांस अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, अधिशासी अभियंता नगर निगम, जिला पंचायतराज अधिकारी, समस्त उपजिलाधिकारीगण और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण गाजियाबाद ने बैठक का आयोजन किया।

# सपना चौधरी और प्रदीप नागर ने मचाया धमाल, नया गाना 'लव यू मेरी सासू की' हुआ हिट प्रमोशन

वेलकम इंडिया



**एनसीआर।** एच. आई. एम. टी. ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स का कैंपस उस समय सुरों और तालियों की गूंज से भर उठा, जब सोमवार को प्रसिद्ध हरियाणवी डांसर सपना चौधरी और 'भौकालञ्ज वेब सीरीज फेम अभिनेता प्रदीप नागर अपने हाल ही में रिलीज हुए गाने 'लव यू मेरी सासू कीञ्ज के प्रमोशन के लिए संस्थान पहुंचे। दोनों कलाकारों ने मंच पर शानदार परफॉर्मेंस देकर छात्रों को उत्साह और मनोरंजन से भर दिया। इस अवसर पर म्यूजिक वीडियो के निर्देशक नागेंद्र चौधरी और कोरियोग्राफर सुषमा भी मौजूद रहीं, जिन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए गाने की खासियत और इसके निर्माण प्रक्रिया के बारे में बताया। कार्यक्रम का सफल आयोजन फेम मीडिया के बैनर तले किया गया, जिसके संस्थापक और सीईओ वसीम सिद्दीकी तथा बिजनेस डेवलपमेंट ऑफिसर नजमा शेख की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी गरिमामय बना दिया। कार्यक्रम के दौरान एच. आई. एम. टी. ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स, ग्रेटर नोएडा के चेयरमैन एच.एस. बंसल ने सभी कलाकारों और अतिथियों का हार्दिक स्वागत एवं सम्मान किया। उन्होंने कहा कि संस्था अपने छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए मनोरंजन, कला और प्रेरणा से जुड़े ऐसे आयोजनों को निरंतर बढ़ावा देती रहेगी, ताकि उन्हें शैक्षणिक वातावरण के साथ बहुआयामी विकास का अवसर मिल सके। संस्थान के सचिव अनिल कुमार बंसल, संयुक्त सचिव अनमोल बंसल और ग्रुप डायरेक्टर प्रो. (डॉ.) सुधीर कुमार ने भी मंच से सभी अतिथियों और कलाकारों के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों में ऊर्जा, रचनात्मकता और सकारात्मकता का संचार करते हैं। इस मौके पर डॉ. विक्रांत चौधरी, कार्यकारी निदेशक, प्रो. (डॉ.) पंकज कुमार, निदेशक-प्रबंधन अध्ययन, प्रो. (डॉ.) अनुज कुमार मित्तल, प्रिंसिपल-एचआईएमटी कॉलेज ऑफ फार्मेसी, प्रो. (डॉ.) अमित सिंह, प्रिंसिपल-हरलाल स्कूल ऑफ लॉ, डॉ. मनोरमा, प्राचार्या-एजुकेशन, नरेंद्र उपाध्याय, एचओडी-आईटी, डॉ. दिनेश कुमार, एचओडी-बायोटेक्नोलॉजी, कविता चौधरी, प्रशासनिक अधिकारी सहित सभी संकाय सदस्य और स्टाफ मौजूद रहे और उन्होंने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रबंधन विभाग के सहायक प्रोफेसर विकास नेहरा की विशेष भूमिका रही।

# गाजियाबाद का युवा चेस स्टार अक्षित शर्मा: ग्लोबल चेस फेस्टिवल में धमाकेदार प्रदर्शन



वेलकम इंडिया

**नोएडा/गाजियाबाद।** बचपन की यादों में बस जाने वाला चौंसठ खानों का खेल-शतरंज-सिर्फ एक खेल नहीं बल्कि दिमाग, धैर्य, रणनीति और समझदारी की अनोखी परीक्षा है। शह और मात की इस बिसात पर वही विजेता होता है जो न केवल अपनी चालों में निपुण हो, बल्कि प्रतिद्वंद्वी की अगली चाल को उसी पल पढ़ ले।

ऐसे ही अनोखे कौशल और तीव्र बुद्धि का परिचय देते हुए गाजियाबाद के मेरठ रोड स्थित डीपीएसजी स्कूल के कक्षा 8 के छात्र अक्षित शर्मा ने हाल ही में आयोजित प्रतियोगिता में अपनी चमक बिखेरी है और पूरे विद्यालय तथा परिवार का मान बढ़ाया है। रविवार को नोएडा एक्सटेंशन के सर्वोत्तम स्कूल, टेकजोन-4 में ग्लोबल स्पोर्ट्स अकादमी चेस फेस्टिवल का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न स्कूलों के कुल 65 प्रतिभाशाली प्रतियोगियों ने भाग लिया। इस प्रतिष्ठित आयोजन में डीपीएसजी स्कूल के मेधावी छात्र अक्षित शर्मा ने अपने बेहतरीन खेल के दम पर मुख्य चेस प्रतियोगिता में दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि चेस पजल चैम्पियनशिप में प्रथम स्थान प्राप्त कर सबको चौंका दिया। उनकी इस शानदार उपलब्धि ने प्रतियोगिता के माहौल को और भी अधिक उत्साहपूर्ण बना दिया। प्रतियोगिता कुल पाँच राउंड में आयोजित की गई थी, जहाँ हर प्रतिभागी को अपनी मानसिक क्षमता और रणनीतिक सोच को सिद्ध करना था। अक्षित ने अपनी मजबूत रणनीति, शांत स्वभाव और तीक्ष्ण निर्णय क्षमता के आधार पर कुल 4.5 अंक अर्जित किए।

## इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान में चोरी

**गाजियाबाद।** जीटी रोड पर लालकुआं के पास रविवार तड़के मयंक इलेक्ट्रिकल्स नामक इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान में चार बदमाशों ने धावा बोलकर शटर उखाड़ दिया और भारी मात्रा में सामान व नकदी चोरी कर ली। पीड़ित दुकानदार देवेंद्र गोयल के अनुसार चोरी हुए सामान में 200 बंडल तांबे का तार और सवा लाख रुपये नकदी शामिल हैं। चोरी हुए तार की कीमत लगभग छह लाख रुपये बताई जा रही है। चोरी का पता चलने पर पीड़ित ने रविवार सुबह ही पुलिस को सूचना दी और लिखित शिकायत भी दी। बावजूद इसके, वेव सिटी थाना पुलिस ने सोमवार सुबह तक कोई केस दर्ज नहीं किया। देवेंद्र गोयल ने बताया कि उनकी पत्नी सपना गोयल की दोनों किडनियाँ खराब होने के कारण उन्होंने 15 दिन पहले अपनी एक किडनी दान की थी और डॉक्टरों ने उन्हें पूरी तरह बेड रेस्ट की सलाह दी है। इस वजह से वह दुकान पर मौजूद नहीं थे। दुकान का संचालन उनके भतीजे लक्ष्य गोयल द्वारा किया जा रहा था।

# महापौर सुनीता दयाल की सख़्त चेतावनी- 'नगर निगम की 1 इंच भूमि पर भी कब्जा नहीं होने दूंगी

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** नगर निगम की सरकारी भूमि को कब्जामुक्त कराने और भूमाफियाओं पर पूरी तरह नकेल कसने के लिए महापौर सुनीता दयाल लगातार सक्रिय हैं।

अब तक नगर निगम की सैकड़ों करोड़ रुपये की भूमि मुक्त कराकर वे भूमाफियाओं की कमर तोड़ चुकी हैं। इसी क्रम में भविष्य की रणनीति को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से महापौर ने सोमवार को अपने कैंप कार्यालय पर उपजिलाधिकारी (सदर) और नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में सिहानी, मरियम नगर नंदग्राम, कैला भट्टा, अर्थला, रजापुर, अकबरपुर बेहरामपुर, सदरपुर, न्यू हिंडन विहार, सुदामापुरी सहित नगर निगम की अन्य प्रमुख एवं विवादित भूमियों की स्थिति पर गहन चर्चा की गई। इन सभी स्थलों के खसरा नंबर और भूमि विवरण महापौर द्वारा अधिकारियों को उपलब्ध कराए गए, ताकि आगे की सामूहिक कार्रवाई में किसी प्रकार की कमी न रहे। महापौर ने बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए कि नगर निगम की संपत्तियों के चिन्हीकरण में तहसील प्रशासन पूर्ण सहयोग दे, जिससे सरकारी भूमि की सीमाएं स्पष्ट हों और किसी भी प्रकार के अवैध कब्जे को तत्काल रोका जा सके। उन्होंने कहा कि चिन्हीकरण प्रक्रिया जितनी मजबूत होगी, नगर निगम अपनी संपत्तियों पर उतनी ही शीघ्रता और मजबूती से नियंत्रण स्थापित कर सकेगा। भूमाफियाओं पर सख़्त रुख अपनाते हुए महापौर सुनीता दयाल ने दो टूक कहा कि नगर निगम की 1 इंच भूमि पर भी कब्जा नहीं होने दिया जाएगा। हम वर्षों पुराने कब्जों को लगातार हटवा रहे हैं, लेकिन भूमाफिया गिद्ध की तरह नए कब्जे की फिराक में रहते हैं। ऐसे तत्वों पर अब और कड़ी निगरानी रखी जाएगी तथा चिन्हित क्षेत्रों में सामूहिक और कानूनी कार्रवाई तेज की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि कब्जामुक्त कराई जा रही बड़ी-बड़ी भूमियों को नगर निगम अपने नियंत्रण में लेकर उनका उपयोग सार्वजनिक हित में एवं नगर निगम की आय बढ़ाने के लिए किया जाएगा। महापौर ने अधिकारियों से अपील की कि भूमि संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए टीमवर्क के साथ कार्रवाई करें, ताकि शहर की सरकारी संपत्ति सुरक्षित रह सके और किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण लंबे समय तक टिक न पाए।

# भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम ने हवन व श्रद्धांजलि सभाकर मनाई दीनबंधु सर छोटूराम जी की जयंती

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** भारतीय किसान आंदोलन के महान पुरोधा और किसानों के अधिकारों के प्रहरी दीनबंधु सर छोटूराम जी की जयंती सोमवार को भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम के मुख्य कार्यालय, सेक्टर-23 में श्रद्धा, सम्मान और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विशेष हवन का आयोजन किया गया, जिसके बाद सैकड़ों कार्यकताओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर इस महान व्यक्तित्व के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद चौधरी, राष्ट्रीय महासचिव अजय प्रमुख, राष्ट्रीय सचिव धर्मेंद्र चौधरी, राष्ट्रीय सचिव सोनवीर खुटैल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सोमवीर सोनू, जिला अध्यक्ष गाजियाबाद रणवीर प्रधान, युवा जिला अध्यक्ष विपिन चौधरी, हरनाम भाई और मीडिया प्रवक्ता रविंद्र त्यागी सहित बड़ी संख्या में यूनियन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर सर छोटूराम जी के विचारों और संघर्षों को याद करते हुए किसान हित की लड़ाई को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया। जयंती समारोह में वक्ताओं ने कहा कि सर छोटूराम जी ने किसानों, गरीबों और समाज के वंचित वर्गों के लिए जो ऐतिहासिक कार्य किए, वे आज भी सभी आंदोलनकारियों, सामाजिक कार्यकताओं और युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने किसानों के अधिकारों, शिक्षा के प्रसार और सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए जिस दूरदर्शिता और निष्ठा के साथ कार्य किया, वह आज भी मार्गदर्शक सिद्धांत के रूप में जीवित है। राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद चौधरी ने कहा कि सर छोटूराम जी की नीतियों ने भारतीय किसान को आत्मसम्मान और संघर्ष की नई दिशा दी। उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं।

# गुरु तेग बहादुर साहिब जी की 350वीं शताब्दी शहीदी स्मृति में भावपूर्ण गुरमति समागम, गुरुद्वारा भूड़ भारत नगर में उमड़ी श्रद्धा की बयार

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** विजय नगर स्थित गुरुद्वारा गुरु नानक सिमरन सभा, भूड़ भारत नगर में सोमवार को गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शताब्दी शहीदी दिवस को समर्पित एक दिवसीय गुरमति समागम अत्यंत श्रद्धा, अनुशासन और आध्यात्मिक गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। सुबह से ही संगत का गुरुद्वारे में जुटना शुरू हो गया था और पूरा परिसर 'वाहेगुरु' के सिमरन तथा कीर्तन की मधुर ध्वनि से गूँज उठा। समागम की पावन शुरूआत सुखमनी साहिब के पाठ और नौवें महहल्ले के पाठ के साथ हुई। इसके बाद हजूरी रागी भाई अमरजीत सिंह जी ने अपने मधुर, शांत और आत्मिक कीर्तन से पूरे वातावरण में गुरमत-रस भर दिया। उनके बाद भाई अमरजीत सिंह जी (मिठा तिवाना) ने आनंदमयी कीर्तन सेवा निभाते हुए संगत को गहरे आध्यात्मिक भाव में डुबो दिया। इसके उपरांत बीबी जसप्रीत कौर जी (पटियाला वाले) ने अपनी विनम्रता, मधुर आवाज और भावपूर्ण रागों से निहाल कर देने वाला कीर्तन किया। उनके कीर्तन को संगत ने 'आज के समागम की रोशनाई' की उपमा दी। कीर्तन के दौरान संगत में अद्भुत शांति, कृतज्ञता और आध्यात्मिक उत्साह का वातावरण व्याप्त रहा। समागम के विशेष सत्र में प्रधान श्री जोगिंदर सिंह जी ने गुरु तेग बहादुर साहिब जी के महान बलिदान, उनके अटल साहस, अडिग धीरज और मानवता की रक्षा के प्रति उनके अप्रतिम योगदान पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गुरु तेग बहादुर साहिब जी का बलिदान धर्म, सत्य और मानव मयार्दा की रक्षा का सर्वोच्च उदाहरण है, जिससे आज भी पूरी मानवता प्रेरणा लेती है। सचिव सरदार हरचरण जीत सिंह जी ने बड़ी संख्या में उपस्थित संगत का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह अपार हाजिरी गुरु साहिब की मेहर का साक्षात प्रमाण है।

# विधवा महिला पर जेठ की छेडखानी और मकान पर कब्जे की कोशिश, थाने पहुंची महिला

**मोदीनगर।** मोदीनगर की एक महिला अपने पति की सड़क हादसे में मौत के बाद जेठ द्वारा हो रही परेशानियों और मकान पर कब्जे की कोशिश के खिलाफ पुलिस के पास शिकायत दर्ज कराने के लिए अपने बच्चों के साथ थाने पहुंची। महिला ने रोते हुए पुलिस को अपनी व्यथा सुनाई और न्याय की गुहार लगाई। महिला मजदूरी करके अपने परिवार का पालन-पोषण कर रही हैं। उनके दो छोटे बच्चे हैं। पति की कुछ महीने पहले ही सड़क हादसे में मृत्यु हो गई थी। इसके बाद महिला ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अपना मकान बनवाया। लेकिन पति की मृत्यु के बाद ही उनका जेठ लगातार उनके साथ गलत व्यवहार करने लगा।

# चुनौतियों को मात देकर साधा शैक्षणिक शिखर: मोनिका शर्मा को मिली पीएच.डी.

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** मोहन नगर स्थित आई.टी.एस कॉलेज की सहायक प्रोफेसर मोनिका शर्मा (पुत्री स्वर्गीय नरेंद्र कुमार शर्मा) ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति और अथक परिश्रम के बल पर लॉर्ड्स यूनिवर्सिटी, चिकानी (अलवर) से वाणिज्य विषय में पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त कर एक बड़ी शैक्षणिक उपलब्धि हासिल की है। यह उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत जीवन की जीत है, बल्कि शिक्षण जगत में उनके समर्पण और उत्कृष्टता की पुष्टि भी करती है। मोनिका शर्मा का शोध-कार्य वाणिज्य संकाय की वरिष्ठ शिक्षिका प्रोफेसर डॉ. मीनाक्षी बिंदल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। उनका शोध शीर्षक- 'कार्यरत महिलाओं एवं गृहिणियों के ऑनलाइन खरीद व्यवहार का विश्लेषण : फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स (पर्सनल केयर प्रोडक्ट्स) का दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में अध्ययन '-समकालीन डिजिटल बाजार और उपभोक्ता प्रवृत्तियों पर महत्वपूर्ण प्रकाश डालता है। उनके अध्ययन ने यह समझने में नई दिशा दी है कि किस प्रकार ऑनलाइन प्लेटफॉर्म महिलाओं के खरीद व्यवहार को प्रभावित कर रहे हैं।

# नगर आयुक्त ने की यूजर चार्ज वसूली बढ़ाने के लिए समीक्षा बैठक, कमर्शियल भवनों पर कड़ी कार्रवाई और जोनल स्तर पर मॉनिटरिंग बढ़ाने के दिए निर्देश

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा नगर निगम अधिकारियों के साथ यूजर चार्ज वसूली को बढ़ाने के लिए सोमवार को एक विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जोन स्तर पर वसूली की वर्तमान स्थिति का विश्लेषण किया गया और भविष्य की रणनीति तय की गई। नगर आयुक्त ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वसूली अभियान में केवल आवासीय भवन ही नहीं, बल्कि कमर्शियल भवनों पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। इसके लिए टीमों को पूरी तरह प्रशिक्षित और सक्रिय रहने के निर्देश दिए गए। नगर आयुक्त ने कहा कि यूजर चार्ज वसूली को बढ़ाने के लिए स्पष्ट योजना बनाकर ठोस कदम उठाए जाएँ। नगर निगम द्वारा पिछले वर्ष मार्च में 5 करोड़ 19 लाख की वसूली की गई थी, जबकि इस वर्ष नवंबर माह के अंतिम सप्ताह तक 6 करोड़ 58 लाख की वसूली की जा चुकी है। वसूली को और अधिक बढ़ाने के लिए नगर आयुक्त ने अधिकारियों के साथ विस्तृत कार्ययोजना बनाई और जोनल स्तर पर मॉनिटरिंग बढ़ाने के निर्देश दिए। वसुंधरा जोन द्वारा 2 करोड़ 41 लाख, कवि नगर 1 करोड़ 63 लाख, सिटी जोन 97 लाख, मोहन नगर 82 लाख और विजयनगर जोन 74 लाख की वसूली की गई। नगर आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर घर और प्रतिष्ठान पर पहुँचकर नियम के अनुसार कार्रवाई की जाए, ताकि यूजर चार्ज वसूली को और अधिक बढ़ाया जा सके। बैठक के दौरान नगर आयुक्त ने उपस्थित टीम को मोटिवेट किया और उन्हें स्पष्ट निर्देश दिए कि वसूली अभियान में किसी प्रकार की ढिलाई या लापरवाही न हो। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी एसके राय, विजयनगर जोनल प्रभारी अमरनाथ, मोहन नगर जोनल प्रभारी सुशील प्रताप सिंह, सिटी जोनल प्रभारी आर पी सिंह एवं समस्त कर अधीक्षक बैठक में उपस्थित रहे। नगर आयुक्त ने बैठक में स्पष्ट किया कि यूजर चार्ज वसूली बढ़ाना नगर निगम की प्राथमिकता है और इसके माध्यम से जनपद के विकास कार्यों में वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि टीम को सक्रिय, प्रेरित और अनुशासित बनाए रखते हुए लक्ष्य हासिल करने पर ध्यान केंद्रित करें।